हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, मंगलवार, 26 दिसंबर 2023
[ बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | रतनपुर | पथरिया ]

तापमान
अधिकतम 27.8 डिग्री
न्यूनतम 13.6 डिग्री



महाराणा प्रताप चौक पर ऑटो वालों ने कब्जा कर लिया है। इस चौक के सभी लेफ्ट लाइन पर ये ऑटो वाले जमे रहते हैं।




# बटन दबाते ही 62 हजार किसानों के खाते में पहुंचा 197 करोड़ रुपए



बिल्हा मण्डी प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम में बोनस वितरण करते विधायक धरमलाल कौशिक।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सुशासन दिवस के मौके पर सोमवार को किसानों को दो साल का बकाया बोनस मिल गया। जिले के 62 हजार से अधिक किसानों के खातों में 197 करोड़ रुपए जमा हो गए। नोडल अधिकारी ने बताया कि किसानों को पूर्व वर्ष 2014-15 और 2015-16 की शेष बोनस की राशि, जो 300 रुपए प्रति क्विंटल है, वह उनके खाते में अंतरित की गई। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने रायपुर से जैसे ही कम्प्यूटर में क्लिक किया, थोड़ी देर में किसानों के मोबाइल में एसएमएस आने लगे। बटन दबाने के कुछ सेकण्ड में ही किसानों के खातों में बोनस की राशि पहुंच गई।

बोनस वितरण का जिला स्तरीय समारोह बिल्हा मण्डी प्रांगण में संपन्न हुआ। विधायक धरमलाल कौशिक मुख्य अतिथि थे। विधायक धरमलाल कौशिक ने अटल जयंती के मौके पर पिछले दो साल का बोनस मिलने पर खुशी जाहिर करते हुए किसानों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ के विकास के लिए पीएम मोदी ने जो गारंटी की घोषणा की है, उन गारंटियों को अगले पांच साल में लोगों के घर-घर तक पहुंचाकर रहेंगे। श्री कौशिक ने किसानों को बोनस प्रमाण पत्र भी वितरित किया। इसी तरह तखतपुर में विधायक धर्मजीत सिंह, कोटा में विधायक बेलतरा सुशांत शुक्ला और मस्तूरी में विधायक बिलासपुर अमर अग्रवाल के मुख्य आतिथ्य में कार्यक्रम हुआ। कलेक्टर अवनीश शरण ने भी समारोह को सम्बोधित किया।

## प्रति एकड़ 65 हजार की आमदनी

बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक ने इस अवसर पर कहा कि किसानों को अब प्रति एकड़ धान की फसल से लगभग 65 हजार रुपए की आमदनी हो रही है, जो कि देश में सर्वाधिक है। धान की खरीदी 3100 रूपए प्रति क्विंटल की दर से की जा रही है। इसमें धान की बोनस की राशि उन्हें अब किश्तों में नहीं बल्कि एकमुश्त प्रदान की जायेगी। श्री कौशिक ने कहा कि आगामी 22 जनवरी 2024 देश के लिए महत्वपूर्ण दिन होगा। रामलला उस दिन अयोध्या में विराजेंगे। छत्तीसगढ़ के लोग भी इस दिन अयोध्या पहुंचकर इस महत्वपूर्ण घटना के गवाह बनेंगे। विधायक श्री कौशिक ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत जिले में चल रहे शिविरों का लाभ उठाने की अपील ग्रामीणों से की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की योजनाओं को लोगों तक पहुंचाने के लिए यह यात्राएं शुरू की गई हैं। उज्ज्वला योजना, आयुष्मान कार्ड, मुद्रा लोन, जनधन योजना सहित केन्द्र सरकार की तमाम योजनाओं से इस अभियान के अंतर्गत जुड़ कर लाभ उठाया जा सकता है।

## 300 रुपए प्रति क्विंटल के हिसाब से 2014-15 व 2015-16 की शेष बोनस की राशि मिली

फैक्ट फाइल

| ब्लाक | केन्द्रों की संख्या | किसानों की संख्या | धान की मात्रा | कुल राशि |
|---|---|---|---|---|
| बिल्हा | 40 | 18830 | 969838,12 क्विंटल | 29.9 करोड़ रुपए |
| कोटा | 17 | 8482 | 453642.80 क्विंटल | 13.60 करोड़ रुपए |
| मस्तूरी | 32 | 17818 | 872893.40 क्विंटल | 26.21 करोड़ रुपए |
| तखतपुर | 29 | 16550 | 918105.30 क्विंटल | 27.56 करोड़ रुपए |
| योग | 118 | 61680 | 3214479.62 क्विंटल | 96.46 करोड़ रुपए |

## किसानों से किया वादा पूरा करने जा रहे- विष्णुदेव



प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बताया कि विधानसभा चुनाव में जो वादा छत्तीसगढ़ के किसानों से किए थे उसे पूरा करने जा रहे हैं। प्रदेश के 12 लाख किसानों के बैंक खातों में धान के बोनस का करीब 3300 करोड़ रुपए ट्रांसफर करने जा रहे हैं।

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सोमवार को अटल बिहारी वाजपेयी यूनिवर्सिटी बिलासपुर में अटल जी के जयंती उपलक्ष्य पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे थे। इस दौरान पत्रकारों से चर्चा करते हुए उन्होंने बताया कि आज 25 दिसंबर छत्तीसगढ़ राज्य के निर्माता भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी का जन्म दिवस है, जिसे पूरा देश सुशासन दिवस के रूप में मनाता है। आज हमारा सौभाग्य है कि उनके जन्म दिवस पर अटल यूनिवर्सिटी में आमंत्रित किया और आज तीन कार्यों का यहां पर शुभारंभ हुआ है। उन्होंने बताया कि आज पूरे प्रदेश को यह बताते हुए बहुत हर्ष हो रहा है कि जिस तरह से चुनाव के दौरान हमारी पार्टी ने छत्तीसगढ़ के किसानों से वादा किया था कि दो साल का बोनस अटल जी के जयंती के दिन उनके खातों में ट्रांसफर करेंगे और प्रदेश के 12 लाख से अधिक किसानों के खातों में दो साल का बोनस करीब 3700 करोड़ रुपए से ट्रांसफर हो जाएंगे।

## उप मुख्यमंत्री साव का मंच टूटा, बाल-बाल बचे



**बिलासपुर।** लोरमी में स्वागत समारोह के दौरान उप मुख्यमंत्री अरुण साव का मंच टूटने से हड़कंप मच गया, मंच टूटने से श्री साव सहित कई नेता नीचे गिर गए। जानकारी के अनुसार श्री साव सोमवार को लोरमी दौरे पर थे, इस दौरान शहर में जगह जगह उनका स्वागत किया जा रहा था। पुराना बस स्टैण्ड के पास उनके स्वागत के लिए बनाए गए मंच पर बड़ी संख्या में समर्थक चढ़ गए, इस दौरान मंच भरभराकर गिर गया, इससे सभा स्थल पर हंगामा मच गया। मंच टूटने से श्री साव सहित कई नेता नीचे गिर गए, हालांकि किसी को चोट नहीं आई। उल्लेखनीय है कि दो दिन पूर्व कोरबा में भी मंत्री लखन देवांगन के स्वागत के दौरान मंच टूटने की घटना हुई थी।



चकरभाठा स्थित न्यायालय आवासीय परिसर का निरीक्षण कर निर्देश देते चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा।

## जस्टिस सिन्हा ने कहा-न्यायालय आवासीय परिसर के मकानों के सीपेज ठीक कराएं

**बिलासपुर।** हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा सोमवार को चकरभाठा स्थित न्यायालय आवासीय परिसर पहुंचे। यहां उन्होंने जी, एच और आई टाइप की कालोनियों का जायजा लिया। उन्होंने यहा निर्माणाधीन भवनों और पूर्वसे बने मकानों का निरीक्षण किया। चीफ जस्टिस ने निर्माण सामग्रियों को ठीक से रखने निर्देशित किया। चीफ जस्टिस ने निर्देशित किया कि मकानों का रंग-रोगन ठीक से कराया जाए। मकानों में सीपेज ठीक करने के साथ ही मरम्मत कार्य कराने कहा गया। इस दौरान व्ही एनके शास्त्री ( एसडीओ), प्रशांत मिश्रा ( सब इंजीनियर), एनएस बघेल (एसडीओ), देवेन्द्र यादव (सब इंजीनियर), उपस्थित थे। इसके बाद चीफ जस्टिस श्री सिन्हा ने आवासीय परिसर में ही स्थित क्लब, जजेस क्लब, अतिथि गृह, विशिष्ट अतिथि गृह का भी निरीक्षण किया। इस दौरान चीफ जस्टिस ने सभी जगहों पर रंग रोगन कराने कहा। निरीक्षण के दौरान रजिस्ट्रार जनरल अरविंद कुमार वर्मा, एडिशनल रजिस्ट्रार कम पीपीएस एम व्ही एलएन सुब्रहमन्यम, कोर्ट आफिसर फनेन्द्र कुमार बिसेन, प्रोटोकाल आफिसर रविन्द्र सिंह नेगी उपस्थित थे।

## सीएमएचओ के निर्देश पर ड्रग विभाग ने की जांच, रेडक्रास द्वारा दी गई गलत दवाई

- आपरेटर के भरोसे चल रही है दुकान
- ड्रग विभाग के अधिकारी भी करते हैं जांच

**बिलासपुर।** रेडक्रास द्वारा दी गई दवाई से गर्भवती महिला के गर्भपात मामले की ड्रग विभाग जांच कर रहा है, प्रारंभिक जांच में रेडक्रास की गलती पाई गई है। रेडक्रास की दुकान में फार्मासिस्ट नहीं है, वहीं मरीजों को आपरेटरों के द्वारा ही दवाई दी जा रही है, ऐसे में जल्द ही रेडक्रास पर बड़ी कार्रवाई तय है।

महिला के गर्भपात के मामले में रेडक्रास की बड़ी लापरवाही सामने आ चुकी है, जहां सिम्स के डाक्टरों ने मामले में पहले ही रेडक्रास को नोटिस जारी किया था, वही सीएमएचओ ने मामले में जांच के आदेश दिए हैं। जिसकी जांच फूड एंड ड्रग विभाग कर रहा है, सीएमएचओ के अनुसार रेडक्रास की दुकान में फार्मासिस्ट की नियुक्ति ही नहीं की गई है, ऐसे में कम्पयूटर आपरेटरों के भरोसे ही दुकान चल रही है। जांच में पाया गया है कि सिम्स के डाक्टरों ने जो दवा लिखी है उसके विपरित दवा मरीज को दी गई थी, जिससे रेडक्रास की गलती साफ झलक रही है। सीएमएचओ के निर्देश के बाद ड्रग विभाग रिपोर्ट तैयार कर रहा है। पिछले 4 दिनों से छुट्टी होने के कारण स्वास्थ्य विभाग में रिपोर्ट सबमिट नहीं हो सकी है लेकिन अधिकारियों का कहना है कि नियमतः इस मामले में रेडक्रास का लाइसेंस निरस्त हो सकता है।



## खबर संक्षेप

### भगवान सच्चे साधकों को दर्शन देते ही हैं- संकर्षण महाराज

लखराम। हम मनु के संतान हैं, हमारे जीवन का उद्देश्य भगवान दर्शन प्राप्त करना है।



सोमवार 25 दिसम्बर तुलसी दिवस है। हिंदुओं का कर्तव्य है कि इस दिन प्रत्येक व्यक्ति को दस-दस पौधे अवश्य लगाने चाहिए। इस दिन तुलसी पूजा, दान एवं उपहार भी दिया जाना चाहिए यह सभी सनातनियों का कर्तव्य है। हमारे पूर्वज मनु सतरूप भगवत प्राप्ति के लिए निकल पड़ें। वे गोमती नदी के तट पर पहुंच गए और साधना में भक्ति में लीन हो गए, तब भगवान की आकाशवाणी हुई कि क्या चाहिए। तब मनु सतरूपा ने माँगा कि जिसरूप में आप शिव जी की अंदर बसते है, उसी रूप में दर्शन दीजिए। भगवान चतुर्भुज रूप में मनु सतरूपा को दर्शन दिए। उक्त व्याख्यान संकर्षण शरण महाराज सरस्वती शिशु मंदिर परिसर में कथा के माध्यम से यजमान केदारनाथ,शशि गुप्ता के साथ समस्त भक्तों को दिए। यह कार्यक्रम 22 दिसम्बर से प्रारम्भ हुआ है, जिसका समापन 31 दिसम्बर को है।

### इंतेजामिया कमेटी को मिला दरगाह लूतरा शरीफ संचालन व वित्तीय प्रभार



सीपत। बिलासपुर के लूतरा शरीफ में स्थित छत्तीसगढ़ की सबसे बड़ी और मान्यता वाली सूफी-संत हजरत बाबा सैय्यद इंसान अली शाह की दरगाह,शाही नूरानी मस्जिद तथा दारुल उलूम फैजाने बाबा इंसान अली के संचालन एवं व्यवस्थापन के लिए छत्तीसगढ़ राज्य वक्फ़ बोर्ड द्वारा गठित 11 सदस्यीय कमेटी ने शुक्रवार को दरगाह के वर्तमान प्रशासक मस्तूरी एसडीएम बजरंग सिंह वर्मा से वित्तीय सहित सभी प्रकार के संचालन का प्रभार ले लिया है। मस्तूरी के अनुविभागीय दंडाधिकारी कार्यालय में दरगाह से संबंधित जरूरी समान की लिस्ट चाबियों के साथ-साथ चेक बुक पंचनामा के साथ अनुविभागीय अधिकारी श्री वर्मा ने नई कमेटी को सौंप दिया है। लुतरा शरीफ दरगाह के संचालन के लिए नई समिति का गठन किया गया है, जिसमें मुतवल्ली के रूप में बिलासपुर प्रेस क्लब के अध्यक्ष इरशाद अली को जिम्मेदारी दी गई।

### पुष्पांजलि अर्पित कर मनाया गया सुशासन दिवस



मस्तूरी। सोमवार को ग्राम पंचायत महमंद में अटल चौक में श्रद्धा सुमन पुष्पांजलि अर्पित कर भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई जी के जन्म दिवस को सुशासन दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष चंद्र प्रकाश सूर्या, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नागेंद्र राय, किसान मोर्चा प्रदेश सह कोषाध्यक्ष बीपी सिंह सहित भाजपा कार्यकर्ता व ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

## निधन

### अरुण दुबे



बिलासपुर। शिवघाट सरकंडा निवासी अरुण दुबे का 25 दिसंबर को निधन हो गया। वे 67 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे लता दुबे के पति एवं अविनाश व अमिताभ दुबे के पिता थे।

### डा. शीतल गिरी गोस्वामी



बिलासपुर। मुंगेली के ग्राम हिंछापुरी निवासी डा. शीतल गिरी गोस्वामी का 24 दिसंबर को निधन हो गया। वे 71 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार उनके गृह ग्राम हिंछापुरी में किया गया। वे स्व. सोन गिरी गोस्वामी के पुत्र एवं सत्यजीत, योगेश व सुदर्शन गोस्वामी के पिता थे।

### नरेश कुमार कहार



बिलासपुर। कतियापारा जूना बिलासपुर निवासी सीबीएसई के सेवानिवृत्त कर्मचारी नरेश कुमार कहार का 25 दिसंबर को निधन हो गया। वे 61 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार दयालबंद स्थित मुक्तिधाम में किया गया। वे तोरण कुमार, पारितोष व राहुल कहार के पिता थे।

### श्रीमती कली देवी सिंह



बिलासपुर। कैलाश नगर निवासी श्रीमती कली देवी सिंह का 24 दिसम्बर को निधन हो गया। वे 90 वर्ष की थीं। उनका अंतिम संस्कार 25 दिसम्बर को बनारस में किया गया। वे राजू सिंह, देव सिंह की मां एवं विकास सिंह, आशिष सिंह की दादी थीं।

### रामनाथ शर्मा



बिलासपुर। कस्तूरबा नगर निवासी रामनाथ शर्मा (बदरा वाले) का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 26 दिसंबर को दोपहर 12 बजे सरकंडा मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे संजय शर्मा के पिता थे।

### मिश्रीलाल अग्रहरि



करगी रोड कोटा। नगर के प्रतिष्ठित निवासी मिश्रीलाल अग्रहरि का निधन हो गया। जिनका अंतिम संस्कार रेलवे स्टेशन रोड मुक्तिधाम में किया गया। वे स्व. मेवालाल के छोटे भाई एवं मुकेश, आकृति जनरल स्टोर के पिता थे।

### शशि प्रभा पाण्डेय



बिलासपुर। एच-2/51 नर्मदा नगर निवासी शशि प्रभा पाण्डेय का सोमवार 25 दिसंबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 26 दिसंबर मंगलवार को सुबह 11 बजे सरकंडा मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे जेपी पाण्डेय की पत्नी एवं गिरीश पाण्डेय की मां थीं।

## मंडी प्रांगण में किया गया धान बोनस वितरण समारोह

# भाजपा में नेता और कार्यकर्ता सब बराबर: धर्मजीत

हरिभूमि न्यूज ⏭ तखतपुर



नगर के मंडी प्रांगण में धान बोनस वितरण समारोह का आयोजन विधायक धर्मजीत सिंह के मुख्य अतिथि में किया गया। धर्मजीत सिंह ठाकुर ने कहा कि छत्तीसगढ़ के भाजपा की सरकार ने चुनाव के समय जो घोषणा किया था, उसको शपथ लेने के दूसरे दिन से ही पूरा करना आरंभ कर दिया है। पहले दिन ही 18 लाख आवास और दूसरी बैठक में पिछले दो वर्ष की बोनस की राशि के भुगतान का निर्णय लिया गया।

आज उस बोनस की राशि का भुगतान मुख्यमंत्री द्वारा किया जा रहा है। भाजपा की सरकार में कोई नेता बड़ा और कोई कार्यकर्ता छोटा नहीं होता इसमें सभी एक समान होते हैं सब एक साथ बैठते हैं। पिछले समय जो भी आयोजन होता था, गिने-चुने लोग ही मंच पर बैठा करते थे। बाकी लोग नीचे में बैठा करते थे। यही वजह है कि मतदाताओं ने उन्हें मंच पर से नीचे उतार दिया है। किसी को यदि कोई समस्या हो तो सीधे उनसे संपर्क कर सकते हैं। कोई बिचौलिया कोई दलाल नहीं होगा। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती और अटल बिहारी वाजपेई के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित के तत्पश्चात अतिथियों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम में प्रतीक के तौर पर पांच किसानों को बोनस प्रमाण पत्र भी दिया गया। इस अवसर पर महिला आयोग पूर्व अध्यक्ष श्रीमती हर्षिता पांडे ने कहा कि जिस तरह आज हम अटल जी की जयंती पर सुशासन दिवस मना रहे हैं, उसी तरह छत्तीसगढ़ सरकार के इरादे भी अटल हैं कि जो उन्होंने घोषणा किया था उसे भी हर हाल में पूरा करेगी और सभी मतदाताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के गारंटी पर विश्वास व्यक्त किया है उस विश्वास पर भाजपा की सरकार खरा उतरेगी। कार्यक्रम को दिनेश राजपूत, प्रदीप कौशिक, कृष्ण कुमार साहू, ममता सिंह क्षत्री सहित अन्य नेताओं ने भी संबोधित किया। संचालन विकासखंड शिक्षा अधिकारी जितेंद्र शुक्ला और आभार प्रदर्शन एसडीएम महेश शर्मा ने किया। इस अवसर पर अशोक ठाकुर, घनश्याम शिवहरे, वंदना बाला सिंह, जीवन लाल पाण्डेय, भारती माली, त्रेतानाथ पाण्डेय, लव पाण्डेय, गुलजीत खुराना, नैन लाल साहू, अमित मंदानी, धनंजय सिंह, संतोष कश्यप, काशी देवांगन, अनिल सिंह ठाकुर, ईश्वर देवांगन,शिप्रा सामुएल, ललिता कश्यप, हनी पाण्डेय, दिलीप तोलानी, राजेश सोनी, विश्वनाथ यादव, दिनेश साहू, अश्वनी शर्मा, वरूण सिंह, अश्वनी श्रीवास, तिलक देवांगन, सरजू यादव, कोमल सिंह ठाकुर, प्रमोद ठाकुर, आयुष सिंह ठाकुर, अमरिका साहू, संदीप साहू, अजय यादव, ओंकार सोनी, आनंद पाण्डेय, निहाल साहू, विकास पाण्डेय, ज्ञानसिंह ठाकुर, नायब तहसीलदार राहुल साहू, सहकारिता सीईओ दुर्गेश साहू, शाखा प्रबंधक सूर्यकांत जयसवाल, सीईओ सत्यव्रत तिवारी, सीएमओ भूपेश दीवान सहित अन्य उपस्थित रहे।

### जनता खुश रहे वही सुशासन है

भारत रत्न स्व अटल बिहारी बाजपेयी के बताए मार्ग पर चलकर सरकार सुशासन ला सकती है। विधायक धर्मजीत सिंह ने कहा कि जिस शासन में जनता खुश रहे वही सुशासन है। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष त्रेतानाथ पांडेय, विजयपुर मंडल अध्यक्ष संतोष कश्यप ने भी संबोधित किया। भारत के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती 25 दिसंबर सुशासन दिवस के रूप में मनाई गई। सुशासन दिवस पर विधायक धर्मजीत सिंह एवम पार्टी पदाधिकारियों की उपस्थित में कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर भारत के पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी जी के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर, दीप प्रज्ज्वलन पश्चात उपस्थित जन ने सुशासन स्थापित करने का संकल्प भी लिया गया। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री प्रदीप कौशिक आभार प्रदर्शन नैन लाल साहू ने किया। इस अवसर पर जीवन लाल पांडेय, दिनेश साहू,लव पांडेय,लक्ष्मी पांडेय,प्रतिभा देवांगन,चंद्रकांत द्विवेदी, महेंद्र पांडेय, कृष्ण कुमार साहू, हिरेन्द्र कश्यप , शिव देवांगन ,विकास पाण्डेय,अशोक सिंह ठाकुर,संतोष यादव दिलीप तोलानी, ईश्वर देवांगन, दिनेश राजपूत, अजय पांडेय, प्रमोद ठाकुर, कोमल सिंह ठाकुर तिलक देवांगन, अजय यादव, सरजू यादव, निहाल साहू, एसव्ही गजबे, राजेश तिवारी, केडी मानिकपुरी, गुलजीत खुराना, आयुष सिंह, प्रेमलाल सिंगरौल, प्रीतम कश्यप, उमेंद सिंह, सूर्या कश्यप सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## अक्षत कलश उठाने रामभक्तों में उत्साह, जगह-जगह स्वागत

सीपत। अयोध्या से निमंत्रण स्वरूप पहुंची पूजित अक्षत कलश यात्रा का सीपत क्षेत्र में जगह जगह जोरदार स्वागत किया गया। रथ पर विराजित होकर निकली फूलों से सुसज्जित अक्षत कलश जांजी से निकलकर सीपत नवाडीह चौक पहुंची, जहां विहिप, बजरंग दल के कार्यकर्ता, स्वयंसेवक सहित सभी सनातन प्रेमियों ने बाजे-गाजे के साथ पुष्पवर्षा कर जोरदार स्वागत किया।

इसके बाद एक अक्षत कलश सीपत की ओर और एक कलश चौक से आगे बढ़ी। गुड़ी, हिंडाडीह, खांडा, धनियां में सनातन प्रेमियों ने जगह-जगह अक्षत कलश का जोरदार स्वागत किया। 22 जनवरी को अयोध्या में श्रीराम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर आमंत्रण स्वरूप अक्षत कलश को सिर पर रखने उत्साहित रहे। पुरुष व महिलाएं भगवा वस्त्र धारण किए हुए जयकारो के साथ अक्षत कलश को लेकर यात्रा में शामिल हुए। धनियां श्रीराम मंदिर में कलश की स्थापना के बाद महाआरती के साथ प्रसाद वितरण करके यात्रा का समापन किया गया। अक्षत कलश को जिले के 135 स्थानों में स्थापित की गई। अब अक्षत कलश के चावल को लेकर कार्यकर्ता घर घर जाकर लोगों को श्रीराम मंदिर के लिए निमंत्रित करेंगे। कलश यात्रा का स्वागत लोगों ने अपने घरों के द्वार पर एक से बढ़कर आकर्षक एक रंगोली बनाकर पटाखे फोड़कर किया। शोभायात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएं बच्चों युवाओं व बुजुर्गों ने भाग लिया।

## गुरु घासीदास जयंती पर तीन दिवसीय मेले का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सकरी



जिस समय समाज में छूआ-छूत, अन्याय, अत्याचार, असमानता का बोलबाला था, उसी समय संत शिरोमणि बाबा गुरु घासीदास ने जन्म लेकर सत्य,अहिंसा और समानता का संदेश समाज में दिया और आपसी भाईचारे के साथ सबको समभाव से रहने की सीख दी, वे सत्य और अहिंसा के संदेश वाहक थे । कार्यक्रम की भव्यता को देखकर यहां का नजारा भी गिरौदपुर धाम और लालपुर धाम जैसा दिखाई पड़ रहा है।

उक्त उदगार तुर्काडीह करहीपार में सातवे वर्ष आयोजित बाबा जयंती समारोह में मुख्य अतिथि तखतपुर विधायक धर्मजीत सिंह ने व्यक्त कर समाज को शिक्षित होकर बाबा के बताए गए सदमार्ग को आत्मसात करने प्रेरित किया। उन्होंने आयोजन समिति के आयोजक कमल माथुर, अशोक मांडले की मांग पर मंच निर्माण के लिए दस लाख रुपए देने घोषणा कर नकद पंद्रह हजार रुपए की राशि प्रदान की। आने वाले समय में यहां के आयोजन के लिए शासन से विशेष अनुदान की स्वीकृति कराए जाने हेतु विशेष प्रयास का आश्वासन दिया। कार्यक्रम की शुरुआत संत बाबा गुरुघासीदास की मूर्ति एवं जैत स्तंभ की पूजा कर की गई। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि संतोष कौशिक प्रदेश सचिव काग्रेस कमेटी छग ने कहा कि बाबा ने समाज में फैले कुरीतियों पर कुठाराघात करते हुए मांस, मदिरा को त्यागने और सत्य के साथ रहने की सीख दी। श्री कौशिक ने जैतखाम की महिमा का वर्णन किया और आयोजन समिति को बधाई देते हुए अपनी ओर से आयोजन समिति को नकद 5100 रूपए की सहयोग राशि प्रदान की। विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत सभापति मीनू सुमंत यादव ने कहा कि बाबा के संदेश को जन-जन तक पहुंचाना चाहिए, तभी उनकी जयंती मनाना सार्थकता है। अध्यक्षता कर रहे सतनाम संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष संजीव खांडे ने सामाजिक एकता पर बाल देते हुवे कुरूतियो को दूर कर सदगुणों को अपनाने की अपील की। कार्यक्रम को पूर्व जिला पंचायत सदस्य भारती माली,पूर्व जनपद सदस्य राकेश तिवारी, गोविंद यादव, सरपंच संतराम लहरे, लक्ष्मी खांडे ने भी संबोधित किया। आयोजन समिति द्वारा सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंटकर उनका सम्मान किया गया।

### पंथी नृत्य से लोग मंत्र मुग्ध

आयोजन समिति द्वारा पंथी नृत्य का आयोजन भी किया गया था, जिसमे कई दलों ने भाग लेकर अपनी मनमोहक प्रस्तुति दी। इसकी उन्मुक्त कंठ से दर्शक प्रशंसा करते रहे।

## सुशासन दिवस पर पूरी हुई पीएम मोदी की गारंटी




मस्तूरी। सोमवार को ब्लाक स्तरीय बोनस वितरण करने कोसमडीह मार्ग पर स्थित सेवा सहकारी समिति प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम में बिलासपुर के विधायक अमर अग्रवाल ने अटल बिहारी वाजपेयी की कविता का पाठ करके मंच से जनता को संबोधित किया।

अमर अग्रवाल ने कहा कि मोदी की गारंटी से छत्तीसगढ़ की जनता का अपार समर्थन प्राप्त हुआ है।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय सादगी के साथ जन सेवा और सुशासन के लिए, राज्य मंत्रिमंडल अपने श्रेष्ठतम स्वरूप में छत्तीसगढ़ के विकास को नई दिशा देने में सर्वश्रेष्ठ भूमिका के निर्वहन के लिए संकल्पित है। श्री अग्रवाल ने किसानों को धान बोनस चेक वितरण किया। पूरे मस्तूरी में कुल 52 करोड़ 13 लाख रुपए का बोनस मस्तूरी क्षेत्र के किसानों को दिया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि बीजेपी 25 दिसंबर के दिन को सुशासन दिवस के तौर पर मनाती है। प्रदेश के किसानों को दो साल का बकाया बोनस उनके खातों में ट्रांसफर किया गया। कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष रामदेव कुमावत, जिला कोषाध्यक्ष गुलशन ऋषि प्रदेश सह कोषाध्यक्ष किसान मोर्चा बीपी सिंह,बैसाखु सोनी,सुनील तिवारी,रवीश गुप्ता, नूरी दिलेंद्र कौशिल, जिला युवा मोर्चा अध्यक्ष निखिल केशरवानी, चन्द्र प्रकाश सूर्या जिला अध्यक्ष अनु.जाति मोर्चा मीडिया प्रभारी प्रणव शर्मा, जुगल किशोर झा, सोशल मीडिया प्रभारी जय शंकर पाण्डेय, मंडल अध्यक्ष मस्तूरी विजय अंचल, राजेंद्र राठौर सहित अन्य उपस्थित थे।

### मुख्यालयों में भी कार्यक्रम

सुशासन दिवस के मौके पर प्रदेश के जिला मुख्यालयों, निकायों, पंचायत समितियों और ग्राम पंचायतों के स्तर पर कई कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं। 31 दिसंबर तक चलने वाले स्वच्छता सप्ताह की भी शुरुआत हो गई है। अटल बिहारी वाजयेयी की 99वीं जयंती के अवसर पर उनके चित्र पर माल्यापर्ण करके जनप्रतिनिधि जनता को सुशासन की शपथ दिला रहे हैं। कई जगहों पर अटल विचार संगोष्ठी और अटल कविता का मंचन भी हो रहा है।



## कपसियाकला को हराकर चुलघट ने जीता क्रिकेट मैच

हरिभूमि न्यूज ⏭ तखतपुर

चंद्रनाहूँ कुर्मी समाज क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ रविवार को खेल ग्राम चोरमा में समाज के अध्यक्ष गौकरण प्रसाद कौशिक के द्वारा किया गया।समाज के युवाओं के लिए लगातार तीसरे वर्ष चंदनाहूँ कुर्मी समाज द्वारा युवा संगठन के नेतृत्व में प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। पहले दिन उद्घाटन मैच कपसियाकला और चुलघर के बीच खेला गया, जिसमें चुलघट विजयी रहा। दूसरा मैच स्टार इलेवन टांड़ा एवं चोरमा बी के बीच खेला गया, जिसमें टांड़ा ने जीत हासिल की और अंतिम मैच बिरगांव एवं ठाकरकापा के बीच खेला गया, इस मैच में बिरगांव विजयी रहा। आयोजन में विशाल कश्यप, रामप्रसाद कश्यप, ध्रुव कश्यप, बजरंग कश्यप, सुनील कौशिम, संजीव कश्यप, पुरुषोत्तम कौशिक, विपिन कश्यप, सतीश कश्यप, धनंजय कश्यप, टीकाराम कश्यप, राजेश कश्यप, बिशेन कश्यप, संदीप कश्यप, अरविंद कश्यप, सुमंत कश्यप, राकेश कौशिक, सुधीर कश्यप, बंटी कश्यप, अनिल कश्यप, अभिषेक करयण, नदीम कश्यप अनुराग कश्यप, सुधांशु कश्यप, गुडम कौशिक सहित अन्य उपस्थित रहे।

### कांग्रेस कार्यकर्ता आभार सम्मेलन आज

सीपत। सीपत के मंगल भवन में मंगलवार को 12 बजे मस्तूरी विधायक दिलीप लहरिया एवं ब्लॉक कांग्रेस के अध्यक्ष राजेंद्र धीवर के द्वारा कांग्रेस कार्यकर्ता आभार सम्मेलन का आयोजन किया गया है। इसमें विधायक लहरिया को ऐतिहासिक मतों से विजयी दिलाने वाले कर्मठ कार्यकर्ताओ को सम्मानित किया जाएगा। ब्लॉक अध्यक्ष राजेंद्र धीवर से अधिक से अधिक कांग्रेस कार्यकर्ताओं को आभार सम्मेलन में उपस्थित होने कहा है।

## मचखंडा स्कूल में एनएसएस शिविर आयोजित




सीपत। अय्यूब खान उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मचखंडा के रासेयो ईकाई द्वारा कर्मा में 22 से 27 दिसंबर तक सात दिवसीय एनएसएस शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर के दूसरे दिन सीपत थाना प्रभारी नरेश चौहान ने बच्चों व ग्रामीणों को निजात अभियान के तहत नशामुक्ति को लेकर जागरूक करते हुए कहा कि नशा एक अभिशाप के रूप में समाज को खोखला बना रही है। इससे सबको बचना चाहिए। नशा एक सामाजिक बुराई है। लोगों ने त्यौहार को नशे का त्यौहार बना लिया है। नशा का पानी सिर के ऊपर से गुजर रहा है। परिवार को बढाने में जो पैसा लगना चाहिए वह नशा में चला जाता है। नशे से स्वयं के साथ परिवार को डूबा लेता है। इससे आर्थिक सामाजिक के साथ नैतिक पतन हो जाता है।

## देश उन्नति में वीरनारायण सिंह का योगदान अहम

सीपत। सर्व आदिवासी बिंझवार समाज द्वारा रविवार को ग्राम हिंडाडीह हरदाडीह में शहीद वीरनारायण सिंह का शहादत दिवस मनाया गया। इस दौरान अतिथियों ने शहीद वीरनारायण की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए समाज के लिए किए उनके उल्लेखनीय कार्यों को याद किया।



कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ब्लॉक कांग्रेस के अध्यक्ष राजेंद्र धीवर ने कहा कि पूरे प्रदेश में बिंझवार समाज की एकजुटता एक मिसाल है। समाज को अधिकार दिलाकर देश को उन्नति के शिखर पर पहुंचाने शहीद वीरनारायण सिंह जी का अहम योगदान है। विशिष्ट अतिथि भागीरथी पोरते ने कहा कि लोहा तोड़कर देश को आजाद कराने वाले शहीद वीरनारायण के शहादत अविस्मरणीय है। गुड़ी पूर्व जनपद सदस्य प्रतिनिधि विजय गुप्ता ने कहा कि आदिवासी समाज सत्ता की पूंजी है। उन्होंने अपनी एकता को बरकरार रखा है। बुधवार सिंह राज ने कहा कि आदिवासी समाज को जागृत करने महिलाओं ने महती भूमिका निभाई है। बच्चों को शिक्षित बनाने शिक्षा के अलावा व्यवहारिक ज्ञान भी जरूरी है ताकि हमारी आने वाली पीढ़ी अपने इतिहास व अधिकार को उन्हें जानकारी मिल सके। इसके बाद समाज के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमो की प्रस्तुति से छटा बिखेरी। बेहतर प्रदर्शन करने वाले बच्चों को समाज द्वारा सम्मानित किया गया। मंच पर अध्यक्ष हरिदयाल बिंझवार, उपाध्यक्ष रामजी बिंझवार, सचिव राजू बिंझवार, सहसचिव परमेश्वर सोनवानी, विश्वनाथ बिंझवार आदि उपस्थित रहे।

### न्यायालय नायब तहसीलदार बिलासपुर छ.ग.
**/ / ईश्तहार //**

क्रमांक / / क/वा-ना.तह. / 2023
बिलासपुर दिनांक 21.12.2023

मौजा रमतला के सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि मौजा रमतला प.ह.नं. 24 तहसील जिला बिलासपुर (छ.ग.) स्थित परिवर्तित / कृषि भूमि ख.नं. 543/2, 556/2 रकबा 0.028 हे., 0.429 हे. वर्गफीट / एकड़ हेतु आवेदक / आवेदिका दुर्गेश पिता/पति स्व. जनकराम निवासी रमतला तहसील बिलासपुर जिला बिलासपुर (छ.ग.) द्वारा छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 109,110 के तहत् फौती नामांतरण/ बैनामा रजिस्ट्री नामांतरण / वसीयत नामांतरण/ दानपत्र नामांतरण / पंजीकृत हकत्याग नामांतरण हेतु आवेदन पत्र पेश किया गया है।

यदि किसी व्यक्ति/ संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति/ दावा हो तो मेरे न्यायालय में दिनांक 08/01/2024 को सुबह 11.00 स्वयं अथवा अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति/ दावा प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि पश्चात् प्राप्त दावा आपत्ति स्वीकार नहीं किये जावेगे।

आज दिनॉक 21/12/23 को मेरे पदमुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी।

**नायब तहसीलदार
बिलासपुर (छ.ग.)**

### न्यायालय नायब तहसीलदार सकरी, जिला-बिलासपुर छ.ग.
**/ / ईश्तहार //**

क्रमांक / / क/वा/ना.तह. / 2023
सकरी दिनांक 19.12.2023

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि, आवेदक ललित कुमार यादव पिता दाऊराम यादव जाति यादव निवासी ग्राम कोडापुरी द्वारा आवेदक के दादा स्व. कुंजराम यादव पिता स्व. श्री सुनऊराम यादव की मृत्यु दिनांक 09.04.1992 को ग्राम कोडापुरी में होने से मृत्यु प्रमाण प्रमाण प्रदाय करने हेतु आवेदन न्यायालय में पेश किया गया है।

अतः उक्त आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/ आपत्ति हो तो वह अपना दावा / आपत्ति स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में नियत पेशी दिनांक 03.01.2024 तक प्रस्तुत कर सकते है। उक्त तिथि पश्चात् दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 19.12.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील व मुहर से जारी किया गया।

**नायब तहसीलदार
सकरी**

### आम सूचना

आम जनता को सूचित किया जाता है कि भूमिस्वामी नरोत्तम पिता स्व. तातूराम 56 वर्ष, जाति- सूर्यवंशी व्यवसाय नौकरी निवासी- बिजौर जिला बिलासपुर छत्तीसगढ़ के स्वत्व, स्वामित्व की भूमि ग्राम उसुम प.ह.नं. 27 रा.नि.म. बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर मे स्थित कृषि भूमि खसरा नं. 153 रकबा 2.14 एकड़ 0.859 हे. राजस्व अभिलेख में दर्ज है जिसे भूमि स्वामी विजय यादव, एंव अनिल यादव दोनों के पिता श्री दशरथ लाल यादव ऊर्फ सोनऊ यादव ग्राम बहतराई के पास विक्रय करने का पक्का सौदा तय कर एडवांस की राशि प्राप्त किया है। उक्त भूमि के रजिस्ट्री पंजीयन कार्यालय के समक्ष निकट भविष्य में होना निश्चित है। यदि उक्त खसरा नं. की भूमि के विक्रय के संबंध में किसी बैंक, निकाय, वित्तीय संस्था अथवा व्यक्ति को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 7 (सात) दिवस के भीतर संम्पूर्ण दस्तावेज सहित निम्न पते पर प्रस्तुत कर सकते हैं समय के बाद की गई आपत्ति झूठा व अमान्य माना जावेगा।

सो सूचित हो।

**भवदीय-
(1) विजय यादव (2) अनिल यादव
पिता श्री दशरथ लाल यादव
ग्राम बहतराई, मो. 9584675363**

### न्यायालय श्रीमान दशम अतिरिक्त जिला न्यायाधीश बिलासपुर (छ.ग.) (पीठासीन अधिकारी-अविनाश कुमार त्रिपाठी)
**नोटिस / समस**

छेदीलाल वगैरह.............. अपीलार्थीगण
बनाम
गणेश कुमार वगैरह............ उत्तरवादीगण

व्य. अपील. कं. - 12-अ / 2023
आदेश दिनांक-06/12/2023
पेशी तारीख - 05/02/2024
प्रोसेस क्रमांक-85

प्रतिवादीगण को समस प्रकाशन
अंतर्गत आदेश 05 नियम 20 व्य.प्र. संहिता

1. गौरी पिता सुखदेव उम्र 52 वर्ष 2. ईशान पिता स्व. नागेश उम्र 23 वर्ष 3. अमन पिता स्व. नागेश उम्र 21 वर्ष क्रं. 01 से 03 सभी निवासी-तालापारा पीपल चौके, सूर्यवंशी मोहल्ला जैतखंभ के पास बिलासपुर, तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.)

.........प्रतिवादीगण

आप लोगो के विरूद्ध वादीगण के द्वारा इस न्यायालय में व्यवहार अपील क्रमांक 12-अ/2023 पक्षकार छेदीलाल वगैरह विरूद्ध गणेश कुमार वगैरह प्रस्तुत किया गया हैं जिसमें आपको उत्तरवादीगण बनाते हुये न्यायालय द्वारा इस प्रकरण की सुनवाई हेतु पेशी दिनांक 05/02/2024 को नियत की गई है।

अतः इस नोटिस प्रकाशन के माध्यम से आप लोगो को सूचित किया जाता है कि पेशी दिनांक 05/02/2024 को इस न्यायालय में न्यायालयीन समय 11:00 बजे आवश्यक रूप से उपस्थित होवें एवं प्रकरण में अपना समुचित प्रतिवाद करें। सुनवाई तिथि 05/02/2024 को आप लोगों की अनुपस्थिति की स्थिति में इस न्यायालय द्वारा विधि अनुरूप एकपक्षीय कार्यवाही करते हुये प्रकरण की अग्रिम सुनवाई की जावेगी। यदि कारणवश सुनवाई तिथि को अवकाश, पीठासीन अधिकारी के अवकाश या किसी अन्य कारणवश अवकाश होने की स्थिति में प्रकरण की सुनवाई अगले कार्य दिवस पर की जावेगी ।

अतः आज दिनांक 20/12/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं सील मुहर से जारी किया गया है।

दिनांकः - 20/12/2023
स्थानः- बिलासपुर (छ.ग.)

**(अविनाश के. त्रिपाठी)
दशम अतिरिक्त जिला न्यायाधीश
बिलासपुर (छ.ग.)**

Health Town

मिरैकल्स होम्योपैथी हॉस्पिटल
छत्तीसगढ़ में प्रथम होम्योपैथी मेडिसीन पर एम.डी.
डॉ. ए.के. चौरसिया (एम.डी)
पोस्ट द्वारा दवाईयां उपलब्ध
जर्मन दवाईयों द्वारा उपचार
छत्तीसगढ़ में होम्योपैथी की वरिष्ठ चिकित्सा, प्रोफेसर महाराना प्रताप कॉलेज, रायपुर (छ.ग.)
रायपुर : कटोरा तालाब स्वपनिल नर्सिंग होम के पास मो. 9406004581
बिलासपुर : सीएलसी प्लाजा, मंगला चौक, रतन लस्सी के पास, मो. 7869048192
अग्रिम रजिस्ट्रेशन

जड़ से इलाज
ठण्ड पर जोड़ो पर दर्द, गठियावात, नशों में दर्द का संपूर्ण निदान।
L4-L5 नशों में दबाव, शून्यपन, सयाटिका, दोनों पाव पर दर्द, अकड़न।
घुटना - घुटने पर सूजन, दर्द, ज्यादा चलने पर
बैठकर उठने पर दर्द, ऐड़ी, कंधा, कोहनी, गर्दन दर्द का संपूर्ण निदान।


केन मेमोरियल स्कूल कुदूदण्ड स्थित चर्च में क्रिसमस की खुशियां मनाती महिलाएं।

### कैंडल जलाकर की प्रार्थना

प्रभु यीशु के जन्म के बाद मसीहीजन ने मोबाइल से सेल्फी ली और वीडियो बनाकर अपने दोस्तों और परिचितों को भेजा। लोगों ने नए कपड़े पहने और सांता क्लाज ने बच्चों को गिफ्ट बांटे। शहर के सभी गिरजाघरों में रात को कैंडल जलाकर प्रार्थना की गई। देर रात तक बाजार में दुकानें खुली रहीं।

## क्रिसमस सेलिब्रेशन में चर्च पहुंची हरिभूमि की टीम, बांटे गिफ्ट


प्रभु यीशु के जन्म के बाद सोमवार को सिविल लाइन डिसाइपल्स चर्च में क्रिसमस सेलिब्रेट करते मसीहीजन।


प्रभु यीशु को किया याद।

### रंग-बिरंगे स्टार से सजे चर्च

प्रभु यीशु के स्वागत के लिए गिरजाघर के साथ ही मसीही जनों ने अपने घरों को भी सजाया। घरों में क्रिसमस ट्री सहित सजावट और रोशनी की गई। रंग-बिरंगे स्टार भी लगाए गए। रात के समय ग्रुप के रूप में कैरोल सिंगिंग से जीसस के आने की खुशियां मनाई। गिरजाघरों को आकर्षक झालरों से रौशन किया गया।

# चर्च में हुई विशेष प्रार्थना, एक-दूसरे के गले मिलकर कहा- मैरी क्रिसमस






हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

प्रभु यीशु के जन्म के साथ ही सोमवार की सुबह शहर के सभी चर्चो में विशेष प्रार्थना सभाएं हुईं। मसीहीजन ने एक-दूसरे को केक-चॉकलेट खिलाकर खुशियां बांटी। हैप्पी क्रिसमस और मेरी क्रिसमस के संदेश दिए।

इस दौरान रेलवे स्थित सेक्रेट हार्ट चर्च, सिविल लाइन स्थित डिसाइपल्स ऑफ क्राइस्ट चर्च, मंगला 27 खोली स्थित सेंट विंसेंट पलोटी चर्च और केन मेमोरियल स्कूल कुदूदण्ड स्थित चर्च में विशेष प्रार्थना के साथ साथ विभिन्न आयोजन हुए। इस अवसर पर हरिभूमि की टीम भी चर्च पहुंची और क्रिसमस के ग्रीटिंग कार्ड के साथ चॉकलेट और गिफ्ट बांटे। चर्चों में सुबह से शाम तक पवित्र संदेश दिया गया। इसके साथ ही प्रभु यीशु के जन्म की खुशियां मनाई गई और बधाइयों का सिलसिला चलता रहा।

हरिभूमि की टीम में असलम शेख, बालकिशन सोनी, प्रशांत सिंह, अरूण सिंह, विक्रम निर्मलकर, नवीन सोनी, रितेश शर्मा, मनोहर देवागंन, सन्नी साहू, यतीद्र श्रीवास, रितेश गुप्ता, सुनील कायरवार, पूर्वचंद, अनिल, वसी उल्लाह खान, प्रकाश परिहार, सूरज वैष्णव, मोहन सिंह ठाकुर सहित अन्य मौजूद रहे।

### प्रभु यीशु के बताए मार्ग पर चलने के दिए संदेश

चर्च ऑफ ख्राईष्ट सीएमडी चौक निर्वाचित प्राचीन समिति के पास्टर सुदेश पॉल के नेतृत्व में क्रिसमस की विशेष अराधना हुई। इसके बाद पास्टर पॉल ने सारगर्भित प्रवचन दिया। जिसमें बताया कि परमेश्वर ने अपने इकलौते पुत्र यीशु को इस जगत में उद्धार की योजना को पूर्ण करने के लिए भेजा। यदि हम संसार की सफलता, आर्थिक सम्पन्नता, भोग विलास के साधनों को जुटा भी लेते हैं तब भी हमारा उद्धार तब तक नहीं हो सकता, जब तक हम यीशु को अपने हृदय में जगह न दें, उसे स्वीकार न करें। सत्य के मार्ग को ग्रहण न करे, कदाचित हमारा उद्धार, पापो से मुक्ति संभव नहीं है।

### रेलवे, तारबाहर से लेकर जरहाभाठा में रौनक

क्रिसमस पर रेलवे परिक्षेत्र सहित तारबाहर से लेकर जरहाभाठा चर्च तक रौनक नजर आई। देर रात तक बाजार में चहल-पहल रही। क्रिसमस ट्री, प्रभु यीशु के जन्म की आकर्षक तस्वीरें, ग्रीटिंग काड्र्स भी खूब बिके। रेड और व्हाइट ड्रेस के अलावा सुनहरे ड्रेस में भी सांता क्लाज की ड्रेस बच्चों ने पहनी। क्रिसमस पर्व को ध्यान में रखकर ही दुकानदारों ने बच्चों से लेकर बड़े लोगों तक के गिफ्ट रखे। इसके अलावा फूलों की भी बिक्री खूब हुई।

### आराधना के साथ प्रेम भोज का आयोजन

शहर में कुल 44 चर्च हैं। उनके कलीसिया, पास्टर और सभी की क्वायर टीमें हैं। प्रभु के जन्म को लेकर गीत संगीत का कार्यक्रम चल रहा है। वहीं सुबह चर्च में भी विशेष प्रस्तुति दी गई। सुबह से गिरजाघरों में विशेष आराधना के साथ प्रेम भोज का आयोजन किया गया। सिविल लाइन थाने के बगल में स्थित डिसाइपल्स आफ क्राइस्ट चर्च सहित भारत माता स्कूल, जरहाभाठा व गिरजा चौक चर्च में सुबह ख्रीष्ट जन्म पर आराधना की गई। इस दौरान उत्तरवादी पाठ, प्रार्थना, भेंट की प्रार्थना, संदेश, सेवाकरण आदि परंपराओं का निर्वहन किया गया।

### डिसाइपल्स चर्च में हुआ बाइबिल पाठ, प्रभु का संदेश

सिविल लाइन स्थित डिसाइपल्स चर्च ऑफ ख्राइस्ट में मसीहियों ने क्रिसमस पर्व उत्साह से मनाया। इसमें पास्टर अनुराग नथानियल ने प्रभु का संदेश दिया। तेजस्विनी सिंह ने बाइबिल का पाठ किया।

पास्टर श्री नथानियल ने अपने संदेश में बताया कि यीशु का अर्थ मुक्तिदाता होता है। जो मनुष्य पाप में पड़ा है। भटका हुआ है ऐसे लोगों को जीवन के मार्ग में लाने प्रभु आए। वे मनुष्यों के साथ उन्हें बचाने, सत्य मार्ग व अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाने मनुष्यों के साथ रहे। उन्होंने बताया कि पाप और परमेश्वर का मेल नहीं हो सकता है, इसलिए परमेश्वर ने पाप को अपने ऊपर लिया। पाप से छूटकारा दिलाया। तेजस्विनी सिंह ने बाइबिल का पाठ किया। शोभना सिंह ने स्पेशल गीत गाया। महिला सभा ने विशेष गीत गाया। पास्टर स्वप्निल नवगिरे एण्ड टीम ने वर्षिभ गीत गाए। गीत-खुश हो कि प्रभु यीशु आया है..., मसीहियों हम मिल के आज बैतलहम चले..., आनंद का सुसमय आया...है यहां आनंद का सुसमय..की गूंज होती रही। अंत में उपस्थित समाज के लोगों ने सामूहिक भोज का लुत्फ उठाया गया। अंत में प्रभु का धन्यवाद किया गया।

### आज पारस्परिक मिलन दिवस

बुधवार 26 दिसंबर को पारस्परिक मिलन दिवस मनाया जाएगा। इस दिन समाज के लोग एक-दूसरे के घर जाकर पर्व की शुभकामनाएं देंगे। इसी पल के लिए मसीहियों ने खुरमा, डोनट, सलोनी, गुझिया, अनरसा, मिक्चर घर में बनाए हुए हैं। इसे खाकर सभी आनंद उठाएंगे।

## खबर संक्षेप

### यूथ होस्टल एसोसिएशन ने किया देवता पहाड़ पुडू में ट्रैकिंग




**बिलासपुर।** यूथ हॉस्टल एसोसिएशन ऑफ इंडिया छग की इकाई ने देवता पहाड़ पुडु में ट्रैकिंग एंड ट्रेनिंग प्रोग्राम का आयोजन किया। इसमें 100 से ज्यादा युवा ट्रैकर्स शामिल हुए। एसोसिएशन के सह सचिव मंसूर खान ने बताया कि बिलासपुर शहर से प्रारंभ इस प्रोग्राम को विधायक अटल श्रीवास्तव ने हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। इस ट्रैकिंग में युवा ट्रैकर्स अलग-अलग संस्थानों से शामिल हुए। गवर्नमेंट इंजीनियरिंग कॉलेज, आधारशिला विद्या मंदिर, जेपी वर्मा कॉलेज के एनएसएस के विद्यार्थियों के अलावा गुरु घासीदास विवि के प्रोफेसर शामिल थे। यूथ होस्टल एसोसिएशन अगले वर्ष अपना 75 वां वर्ष प्लैटिनम जुबली मनाएगा। इस उपलक्ष्य में छत्तीसगढ़ के अलग अलग यूनिट्स इस समय युवा वर्ग के लिए अमरकंटक, बस्तर, धमतरी और भिलाई में अभियान चला रही है। कार्यक्रम को सफल बनाने में यूनिट के चेयरमैन रिटायर्ड कमांडर संदीप मुरारका, अध्यक्ष डॉ भास्कर चौरसिया, सदस्य सत्यभामा अवस्थी, यश मिश्रा, डॉ अजय श्रीवास्तव, पंकज पंचायती आदि का सहयोग रहा ।

### रजिस्टर्ड बौद्ध समाज ने बाबा साहेब के विचारों को किया आत्मसात



**बिलासपुर।** बौद्ध समाज के तत्वावधान में छग प्रदेश बौद्ध समाज का परिवार मिलन समारोह आनंद बुद्ध विहार पंचशील नगर यदुनंदन नगर तिफरा में आयोजित किया गया। जिसमें छत्तीसगढ़ के पंजीकृत बौद्ध समाज के परिवार शामिल हुए। जिसका मुख्य उद्देश्य बाबा साहेब के विचारों को आत्मसात करते हुए जाति विहीन समाज के निर्माण और उसके उत्थान करना था। इसके लिए सभी साथियों ने अपने-अपने सुझाव रखे। जिसमें संतोष बौद्ध कोरबा, अलका बौद्ध दुर्ग, सविता ताई बौद्ध राजनांदगांव, लता बौद्ध कोरबा, महिपाल सिंह बौद्ध, संतोष बौद्ध, चंद्र प्रकाश बौद्ध तखतपुर, विनोद बौद्ध, संध्या बौद्ध, प्रकृति बौद्ध, अशोक बौद्ध (रेलवे) लोकेश पुजा बौद्ध, संजु बौद्ध रायपुर, मनोज बौद्ध बिलासपुर एवं अन्य प्रदेश के प्रमुख पदाधिकारी मौजूद थे।

## सुशासन दिवस ‘ठन गई मौत से, जूझने का मेरा इरादा न था’

**बिलासपुर।** सुशासन दिवस के अवसर पर नगर पालिक निगम बिलासपुर द्वारा पूरे दिन भर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। शाम को स्व.लखीराम अग्रवाल आडिटोरियम में आयोजित काव्य संध्या में कवियों ने अटल जी और स्वरचित रचनाओं से समा बांध दिया। सबसे नन्हें कवि कक्षा नवमी में पढ़ने वाले गौरव द्विवेदी ने पूर्व प्रधानमंत्री स्व.अटल बिहारी वाजपेयी की कविता "ठन गई,मौत से ठन गई,जूझने का मेरा इरादा न था, मोड़ पर मिलेंगे इसका वादा न था, रास्ता रोक कर वह खड़ी हो गई, यों लगा ज़िंदगी से बड़ी हो गई" जब सुनाया तो पूरा आडिटोरियम तालियों से गूंज उठा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बिलासपुर विधायक श्री अमर अग्रवाल ने पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के जीवन को सबका आदर्श बताया, एक अच्छे इंसान, एक कुशल वक्ता,कवि,राजनेता,सुशासक सभी गुण जिनमें थे वें अटल बिहारी वाजपेयी थे। विधायक श्री अग्रवाल ने स्व.अटल के द्वारा बिलासपुर को दिए सौगात का उल्लेख करते हुए कहा कि रेल्वे जोन,एनटीपीसी, हाईकोर्ट, नेशनल हाइवे से बिलासपुर को अटल जी ने ही जोड़ा था। विशिष्ट अतिथि बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक ने कहा कि छ.ग. राज्य की सौगात स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की देन है। अटल जी ने अपने जीवन में कभी सिद्धांतों से समझौता नहीं किया। बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला ने कहा कि स्व. अटल का पूरा जीवन एक विश्वविद्यालय है जिसके पठन से व्यक्ति में नैतिक मूल्य और राष्ट्रवाद ओत-प्रोत होता है। देश का गौरव बढ़ाने का काम स्व.अटल बिहारी वाजपेयी ने किया था। इससे पूर्व देश के पूर्व प्रधानमंत्री, भारत रत्न स्व.अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती "सुशासन दिवस" के अवसर पर नगर निगम द्वारा विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम किए गए। सुबह छत्तीसगढ़ भवन परिसर में स्थापित अटल स्मृति पटल पर विधायक अमर अग्रवाल द्वारा माल्यार्पण और पुष्पांजलि अर्पित कर सुशासन दिवस कार्यक्रम की शुरूआत की गई। इस दौरान विधायक अमर अग्रवाल और निगम कमिश्नर कुणाल दुदावत ने सड़क पर झाड़ू लगाकर स्वच्छता पख्वाड़े का शुभारंभ किया। सुबह 10 बजे से स्व. लखीराम अग्रवाल आडिटोरियम में अटल जी की जीवनी पर स्कूली बच्चों के लिए निबंध,रंगोली और संगोष्ठी का आयोजन किया गया था,जिसमें बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। आज कार्यक्रम में कलेक्टर अवनीश शरण एसपी संतोष सिंह, जिला पंचायत सीईओ अजय अग्रवाल समेत सामाजिक संगठन और नागरिक उपस्थित रहे। सुशासन दिवस के अवसर पर स्व.लखीराम अग्रवाल आडिटोरियम में हुए कार्यक्रम में पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की जीवनी पर चित्र प्रदर्शनी लगाई गई थी।


पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी को श्रद्धांजलि देते विधायक अमर अग्रवाल व अन्य।

### भाजपा ने मनाया सुशासन दिवस


दक्षिण मंडल के भाजपा कार्यकर्ताओं ने स्व. अटल बिहारी वाजपेई की जयंती तालापारा, मगरपारा, तैयबा चौक, मक्षवापारा, संजय गांधी नगर, 12 खोली, भारत चौक के वार्ड बूथ में मनाई। कार्यक्रम में मनीष अग्रवाल, महेश चंद्रिकापुरे, जुगल अग्रवाल, नारायण गोस्वामी, उमाशंकर जयसवाल, शोभा कश्यप, रीना गोस्वामी, शैलेंद्र यादव, डॉ अरविंद दीक्षित, विशाल कश्यप आदि मौजूद थे।

### वाजपेयी के योगदान को सराहा


दक्षिण भाजपा मंडल ने तारबाहर में मनाई वाजपेयी की जयंती दक्षिण मंडल के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने तारबाहर चौक पर पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती मनाई। इस अवसर पर उनके जीवन चरित्र व देश के प्रति दिए गए योगदान को याद किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद थे।

### कल्याण कुंज वृद्ध आश्रम में याद किए गए


भाजपा वार्ड 22 आजाद नगर मसानगंज एवं वार्ड 21 निराला नगर ने कल्याण कुंज वृद्ध आश्रम में स्व. अटल बिहारी वाजपेई का जन्मदिन मनाया। कार्यक्रम में राजेंद्र अग्रवाल, पूर्व पार्षद राजेश मिश्रा, प्रदीप वर्मा, प्रवीण सेन गुप्ता, जगदीश साहू, प्रशांत कश्यप, अनुग्रह मिश्रा, पूर्व पार्षद जितेंद्र राय, अमित राय, मोनू रजक, विनोद यादव बबलू, बालेंद्र रजक, गोपी श्रीवास आदि मौजूद थे।

### मित्र मंडल ने राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव मनाने का लिया निर्णय



**बिलासपुर।** वंदे मातरम मित्र मंडल की बैठक आशुतोष मंदिर परिसर सीएसईबी कॉलोनी तिफरा में आयोजित की गई। बैठक में संयोजक महेन्द्र जैन ने मित्र मंडल के आगामी कार्यक्रमों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि वंदे मातरम् मित्र मंडल में सदस्यों की संख्या लगातार बढ़ रही है। अतः अब प्रत्येक कॉलोनी का 20 की संख्या का एक ग्रुप होगा, जिसका एक प्रतिनिधि होगा, जो उस ग्रुप का नेतृत्व करेगा। उन्होंने बताया कि 21 जून को मित्र मंडल के सभी सदस्य शोभायात्रा में शामिल होंगे। रामायण के पात्रों के ऊपर फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता होगी। जिसे सुनीता दीक्षित की टीम पूरी करेगी। इसी प्रकार 22 जनवरी के कार्यक्रम की तैयारी के लिए भी एक टीम आयोजित करेगी। बैठक में एसएन तिवारी,अरविंद गर्ग, सुनीता दीक्षित ने भी अपने विचार रखे। नवीन दुवे ने आगामी लोकसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए अपना वोटर आईडी कार्ड बनवाने एवं वोटर लिस्ट में अपना नाम सुनिश्चित करने ऑनलाइन आवेदन की जानकारी दी। वन्दे मातरम् मित्र मंडल के सदस्यों ने 25 दिसंबर से आशुतोष मंदिर परिसर में हो रहे भागवत कथा के लिए मित्रों ने 14 हजार 573 रुपए आर्थिक सहयोग दिया। बैठक के आयोजक राजू भोंसले एवं कमलेश शुक्ला ने सभी से भागवत कथा में शामिल होने का अनुरोध किया। सुशील भूरे ने सभी का आभार प्रकट किया। पृथ्वी पाल सिंह सहगल ने शपथ दिलाई एवं जयप्रकाश लाल ने बैठक का संचालन किया।

## काली मंदिर से निकली अक्षत कलश यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

**बिलासपुर।** सोमवार को काली मंदिर जवालीपुल के पास से बाजे-गाजे के साथ अक्षत कलश यात्रा निकाली गई। इसका जगह-जगह फूलों की वर्षा व आतिशबाजी के साथ स्वागत किया गया। आरती उतारी गई।

- आतिशबाजी एवं फूलों की वर्षा कर किया गया स्वागत

अयोध्या में निर्माणाधीन राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी को होनी है। इसे उत्सव के रूप में देश भर में मनाया जाएगा। इसकी तैयारियां शुरू हो गई है। जगह-जगह उस दिन को दिवाली की तरह मानने का निर्णय लिया गया है। हर मंदिर में बड़े-बड़े स्क्रीन लगाए जाएंगे ताकि लोग अपने-अपने शहरों में आसपास के मंदिरों में बैठकर अयोध्या से सीधा प्रसारण देख सके। इसी कड़ी में बिलासपुर में भी अयोध्या से अक्षत कलश पहुंचा है। अब हर वार्ड में भक्तों द्वारा अक्षत कलश यात्रा निकाली जा रही है। इसी कड़ी में काली मंदिर से निकली कलश यात्रा को मनोहर टॉकीज, हटरी चौक, किला वार्ड, कृष्णा नगर, जूना बिलासपुर का भ्रमण कराया गया। इस यात्रा में बड़ी संख्या में भक्तजन शामिल हुए। इसमें पूर्व पार्षद अतुल बापते, सूरज धर दीवान, वीरेंद्र चौधरी, अरविंद बोलर, पूर्व पार्षद ओम देवांगन, विजय दुसेजा, गोविंद दुसेजा, दिनेश सिंह, दीपक थवाईत, विजेंद्र तिवारी, मनीष पाठक, सौमित्र रावत, छमेश देवांगन सहित अन्य श्रद्धालु शामिल रहे।


अक्षत कलश यात्रा में शामिल लोग।

### देश-धर्म पर शहादत देने वाले साहबजादों को समर्पित चलचित्र का प्रदर्शन



**बिलासपुर।** शहीदी सप्ताह पर देश व धर्म की रक्षा के लिए अपनी कुर्बानी देने वाले चार साहिबजादों के चलचित्र का प्रसारण किया गया। ये प्रसारण करतार फ्यूल्स लिंगियाडीह अपोलो हास्पिटल चौक में बड़े स्क्रीन पर किया गया। इस फिल्म को सक्षम संस्था से जुड़े दिव्यांग जन संस्था के पदाधिकारी, पंजाबी युवा समिति के सदस्य, अम्बा पार्क सोसाइटीज के रहवासी बच्चे, अम्बा पार्क महिला समिति की टीम, एटमास्फीयर इडन कोर्ट सोसाइटीज के बच्चे और रहवासी लिंगियाडीह के लोगों ने एक साथ देखी। कार्यक्रम में अमरजीत सिंह दुआ, चरनजीत सिंह गंभीर, बिन्नी गंभीर, चुन्नी मौर्य, अमन छाबडा, मुकेश वर्मा, हेमा साहू, अनुज पाण्डेय, बलजीत सिंह गंभीर, राजविंदर सिंह गंभीर, मंगल छाबडा, अमित नेताम, अनुप पाण्डेय, गुल्ला, रत्नमाला, गोल्डी भोसले, मनसा छाबडा, निशा कश्यप, भूमि, हेमा कश्यप, रवीना वर्मा, कमलजीत कौर सलूजा आदि उपस्थित रहे।

### राज्य स्तरीय महिला मंडल ने शासकीय योजनाओं से संबंधित विषय पर की चर्चा



**बिलासपुर।** राजपूत क्षत्रिय महासभा छग रहटादाह उपसमिति द्वारा 24 दिसंबर को छग राज्य स्तरीय महिला मंडल का कार्यक्रम बंधवा पारा सरकंडा में किया गया। कार्यक्रम में शादी, दहेज, शिक्षा, स्वास्थ्य, शासकीय योजनाओं से संबंधित विषयों पर चर्चा की गई। इसमें राज्य के सभी 36 उपसमितियों के महिला मंडल अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष एवं पदाधिकारियों ने अपनी उपस्थिति दी। बैठक में मुख्य अतिथि वंदना राजपूत, शालिनी राजपूत, मंजू सिंह थीं। कार्यक्रम में वसुंधरा ठाकुर, मिनी राजपूत, मीरा भुवाल, शशि बघेल, ज्योति राजपूत, ममता राजपूत, श्रद्धा राजपूत, संतोषी राजपूत, नंदनी राजपूत, कल्पना क्षत्रिय, अलका सिंह, मीरा क्षत्रिय, रानू क्षत्रिय, चंचल क्षत्रिय, माधुरी राजपूत, अलका क्षत्रिय, उत्तरा देवी, लता गहलौत, कावेरी क्षत्रिय, अनसुइया क्षत्रिय, पुष्पा क्षत्रिय, मालती क्षत्रिय, प्रतिभा सिंह, वंदना क्षत्रिय, ज्योति क्षत्रिय, वीणा सिंह आदि मौजूद थे।

## खबर संक्षेप

### उपमुख्यमंत्री साव आज बिलासपुर व मुंगेली में

**बिलासपुर।** उपमुख्यमंत्री अरुण साव 26 दिसंबर को बिलासपुर व मुंगेली जिले के दौरे पर रहेंगे। इस दौराव वे विविध कार्यक्रमों में शामिल होंगे। जानकारी के अनुसार श्री साव सुबह 11 बजे दयालबंद बिलासपुर गुरुद्वारा दर्शन करने पहुंचेंगे। तत्पश्चात सुबह 11.30 बजे श्री साव बिलासपुर से ग्राम गौरकापा विकासखंड लोरमी जिला मुंगेली के लिए प्रस्थान करेंगे। दोपहर 1 बजे ग्राम गौरकापा विकासखंड लोरमी जिला मुंगेली पहुंचेंगे। यहां भगवान श्री दत्तात्रेय प्राकट्य समारोह में शिरकत करेंगे। वे दोपहर 1.30 बजे ग्राम गौरकापा से बिलासपुर के लिए प्रस्थान कर दोपहर 3 बजे बिलासपुर पहुंचेंगे। यहां शाम 4 बजे लखीरराम अग्रवाल सभ भवन में आयोजित वीर बाल दिवस कार्यक्रम में शामिल होंगे। शाम 5 बजे बिलासपुर से रायपुर रवाना होकर शाम 7 बजे रायपुर पहुंचेंगे।

### उसलापुर मार्ग की जमीन का सीमांकन आज

**बिलासपुर।** महावीर नगर से उसलापुर ओवरब्रिज तक नगर निगम द्वारा सड़क चौड़ीकरण, नाली निर्माण कार्य में बार-बार विवाद की स्थिति बन रही है, इसलिए खसरा नंबर 1552 वाली शासकीय जमीन का 27 दिसंबर को फिर से सीमांकन किया जाएगा। इसके लिए सड़क चौड़ीकरण से प्रभावित भूमि स्वामियों को नोटिस भेजा गया है। नगर निगम द्वारा महावीर नगर से उसलापुर ओवरब्रिज तक सड़क चौड़ीकरण एवं नाली निर्माण कराया जा रहा है। इस सड़क निर्माण के लिए कच्ची रेल लाइन वाली शासकीय जमीन खसरा नंबर 1552 से निगम द्वारा अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई है। सड़क चौड़ीकरण के बीच आने वाले बाउंड्रीवाल, दुकानों को तोड़ा गया था, तब से यहां पर जमीन को लेकर विवाद चल रहा है। कुछ लोग तो हाईकोर्ट भी गए थे। हाईकोर्ट के निर्देश के बाद राजस्व व निगम की टीम यहां पहले भी सीमांकन करने पहुंची थी, किन्तु हर बार जमीन के नाप-जोख दौरान विवाद की स्थिति बनी। पिछले दिनों नाली निर्माण के लिए खोदाई के दौरान विवाद उठा था।

### कार की टक्कर से युवक की मौत

**बिलासपुर।** तेज रफ्तार कार की टक्कर से युवक की मौत हो गई है। पुलिस ने कार चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। हिर्री पुलिस के अनुसार, 25 दिसंबर को अर्टरा निवासी जितेन्द्र चतुर्वेदी के बुआ का लड़का नारायणपुर नवागांव निवासी अजय बघेल पिता अमरदास बघेल 24 साल काम से बिलासपुर आ रहे थे। भोजपुरी टोलप्लाजा के आगे बाइक खड़ी कर पेट्रोल पंप जा रहे थे। इसी दौरान बिलासपुर की ओर से जा रही कार क्रमांक सीजी 10 एफए 1175 के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए उन्हें टक्कर मार दी। हादसे में उनकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने जितेन्द्र की रिपोर्ट पर कार चालक के खिलाफ धारा 304 ए के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

# सड़कों पर दौड़ रहे बिना नंबर के भारी वाहन, यातायात और परिवहन विभाग नदारद

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जिले में बिना नंबर प्लेट के भारी वाहन दौड़ रहे हैं, इन वाहनों से लगातार दुर्घटनाएं भी हो रही हैं, इसके बाद भी परिवहन विभाग और यातायात पुलिस इन वाहनों के मालिकों के खिलाफ कार्रवाई नहीं कर रही है।

- **चौक-चौराहों से गुजर रहे वालों को ट्रैस करना भी मुश्किल**

हाइवा, ट्रक व टैक्टर समेत ज्यादातर भारी वाहनों पर नंबर प्लेट गायब हो चुके हैं, वहीं जिन गाड़ियों में नंबर प्लेट हैं भी, वे आसानी से दिखाई नहीं देते हैं, लेकिन इस बारे में पुलिस विभाग सतर्कता नहीं बरत रहा है, ऐसे में हादसे के दौरान इन गाड़ियों की पहचान करना मुश्किल हो जाता है, जिसके चलते आरोपियों को पकड़ने में पुलिस कामयाब भी नहीं होती है, कई मामले में कोर्ट में केस खारिज तक हो जाता है, लेकिन पुलिस व परिवहन विभाग इसे लेकर बेफिक्र है। दरअसल कुछ माह से भारी वाहनों का प्रवेश लगातार शहरीय क्षेत्रों में किसी भी समय पर हो रहा है, बिना रोक टोक के भारी



वाहनों का प्रवेश होने से हादसे का अंदेशा भी बना रहता है, हालत यह है कि निगम की गाड़ियों में भी नंबर प्लेट नहीं है। ऐसे में निजी वाहनों की बात करना बेमानी साबित होगी। परिवहन विभाग द्वारा समय-समय पर दिशा निर्देश जारी किए जाते हैं, लेकिन इसे अमलीजामा पहनाना विभाग भूल जाता है, पुलिस और परिवहन विभाग के बीच फंसे नियमों के कारण ऐसे वाहन चालकों पर कार्रवाई भी नहीं हो रही है।



बिना नंबर के बड़े बड़े वाहन शहर में बेखौफ दौड़ रहे हैं।

### नियमों को रख दिया है ताक पर

सर्दी बढ़ने के साथ ही सड़कों पर हादसे भी बढ़ जाते हैं, इसका वजह अंधेरे और कोहरे ही बनते हैं, लेकिन भारी वाहनों से दुर्घटना के बचाव के लिए बनाए गए नियम का पालन होते दिखाइ नहीं दे रहा है। दरअसल सभी भारी वाहनों पर रिफ्लेक्टर और रेडियम टेप लगाना जरूरी है, लेकिन भारी वाहन, डंपर और टैक्टरों में रिफ्लेक्टर और रेडियम गायब हो चुके हैं। इस बारे में यातायात पुलिस और परिवहन विभाग सड़क पर उतर कर कार्रवाई नहीं करता है, जिसके चलते चालक नियमों को ताक पर रख वाहन दौड़ा रहे है।

### शुरू की जाएगी जांच

परिवहन विभाग द्वारा कार्रवाई की जाती है, शहर के बीच यातायात विभाग द्वारा कार्रवाई की जा सकती है, आउटर पर परिवहन विभाग चालानी कार्रवाई कर शुल्क वसूलता है। आगामी दिनों में फिर से जांच शुरू की जाएगी।

**-अनुभव शर्मा,** आरटीओ, परिवहन विभाग

## अटल यूनिवर्सिटी के कुल उत्सव में शामिल हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव

# छत्तीसगढ़ में शिक्षा पर जोर देने की जरूरत: साय





अटल बिहारी वाजपेयी यूनिवर्सिटी में आयोजित छठवें कुल उत्सव में विभिन्न कार्यों का लोकार्पण करते मुख्यमंत्री विष्णु देव साय। शहीद वीर नारायण सिंह व्यायाम शाला में कसरत की।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने छत्तीसगढ़ में शिक्षा पर जोर देने की आवश्यकता बताते हुए कहा कि शिक्षा के विकास से ही सुशासन आएगा। जितनी साक्षरता बढ़ेगी उतना ही सुशासन आएगा। उन्होंने यूनिवर्सिटी की सेटअप संबंधी समस्याओं को दूर कर व्यवस्था सुधारने का आश्वासन भी दिया है। मुख्यमंत्री श्री साय सोमवार को अटल बिहारी वाजपेयी यूनिवर्सिटी में अटल जी की जयंती अवसर पर कुल उत्सव में कार्यक्रम में शामिल हुए।

- **यूनिवर्सिटी में सेटअप संबंधी व्यवस्था सुधारने दिया आश्वासन**

भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के नाम पर स्थापित अटल यूनिवर्सिटी में आयोजित छठवें कुल उत्सव को संबोधित करते हुए प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज के दिन को बहुत विशेष बताते हुए कहा कि आज पूरे प्रदेश में कार्यक्रम हो रहे हैं और सुशासन दिवस उत्साहपूर्वक मनाया जा रहा है। उन्होंने इस अवसर पर प्रदेशवासियों को बधाई, शुभकामनाएं देते हुए कहा कि अटल जी सच्चे जननायक थे। सभी वर्ग में उनकी समान रूप से स्वीकार्यता थी और वे युग पुरुष थे। जटिल विषयों पर भी वे देशहित में त्वरित निर्णय लेते थे। देश के प्रति उनका योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा। उन्होंने कहा कि आज एक सप्ताह के भीतर प्रदेश की न्यायधानी में दूसरी बार आप सभी के बीच में खुद को पाकर मैं गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं। मुख्यमंत्री ने कहा कि बहुत दुःख होता है कि शिक्षा के केन्द्रों को पर्याप्त स्टाफ नहीं मिल पाया है।

इस व्यवस्था को सुधारने और छत्तीसगढ़ में शिक्षा जगत में बहुत कुछ करने की आवश्यकता है। मैं एक मुख्यमंत्री होने के नाते कह सकता हूं कि शैक्षणिक संस्थानों में जिस सेटअप या जिन चीजों की आवश्यकता है उन्हें पूरा करने का हम प्रयास करेंगे। उन्होंने बताया कि आज हमारी सरकार दो वर्ष का बकाया बोनस का भुगतान करने जा रही है। प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी में जितने भी वादे किए थे, वह सब पूरा की गारंटी हमारी है। हम हर वादे को पूरा करेंगे। उन्होंने बताया कि पहली ही केबिनेट में हमारी सरकार द्वारा 18 लाख आवासहीनगरीब परिवारों को आवास देने का निर्णय लिया गया है।

### सुशांत ने यूनिवर्सिटी में सेटअप समस्या की कही बात

इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला ने स्व. अटल बिहारी वाजपेयी को नमन करते हुए कहा कि वे एक कुशल राजनीतिज्ञ होने के साथ एक ओजस्वी वक्ता और कवि हृदय भी थे। सुशांत ने यूनिवर्सिटी की सेटअप समस्याओं पर ध्यान आकर्षित करते हुए कहा कि यूनिवर्सिटी आज परीक्षा कराने का सेंटर बनकर रह गए हैं। इसलिए यूनिवर्सिटी केवल शिक्षा, परीक्षा का केन्द्र ही न रहें, बल्कि छात्रहित में ध्यान केन्द्रीत कर यूनिवर्सिटी को चलाना चाहिए। यूनिवर्सिटी शैक्षणिक केन्द्र के रूप में आगे बढ़े, हम उनके सहयोग में पीछे खड़े रहेंगे।

### कुलपति वाजपेयी ने कहा सालभर होंगे कार्यक्रम

अटल यूनिवर्सिटी के कुलपति आचार्य अरूण दिवाकरनाथ वाजपेयी ने नई शिक्षा नीति को छत्तीसगढ़ में शीघ्रताशीघ्र लागू करने की मांग रखते हुए कहा कि अटल जी का जन्म 25 दिसंबर वर्ष 1924 है और 2024 में 100 वर्ष पूरे होने पर यूनिवर्सिटी सालभर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करेगा। कार्यक्रम में बिलासपुर विधायक अमर अग्रवाल, बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक, बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला, तखतपुर विधायक धर्मजीत सिंह, अटल यूनिवर्सिटी के कुलपति आचार्य अरूण दिवाकरनाथ वाजपेयी सहित रायगढ़ यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो. एलपी पटेरिया, ओपन यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो. बंशगोपाल सिंह, सीवीआरयू के कुलपति रविप्रकाश दुबे, एयू के रजिस्ट्रार शैलेन्द्र दुबे, पूर्व विधायक रजनीश सिंह, भूपेन्द्र सवन्नी, रामदेव कुमावत, संभागायुक्त केडी कुंजाम, आईजी अजय यादव, कलेक्टर अवनीश शरण, एसपी संतोष सिंह, डॉ. तरूणधर दीवान, प्रो. एचएस होता समेत शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## अटल जी को किया नमन

## कहा- सच्चे जननायक थे सभी वर्ग में थी स्वीकार्यता



### ज्ञानपथ, व्यायाम शाला, धनवंतरी केन्द्र का लोकार्पण

इसके पूर्व मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने यूनिवर्सिटी परिसर में स्थापित पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और छत्तीसगढ़ के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की याद में बनाए गए शहीद स्मारक पर पुष्पाजंलि अर्पित सादर नमन किया। मुख्यमंत्री श्री साय ने धनवंतरी प्राकृतिक चिकित्सा केन्द्र एवं यूनिवर्सिटी के प्रमुख मार्ग ज्ञानपथ सहित परिसर में शहीद वीर नारायण सिंह व्यायाम शाला का लोकार्पण भी किया।

# खनिज विभाग की कार्रवाई हाइवा, जेसीबी, ट्रेलर जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

खनिज विभाग की टीम ने सोमवार को बड़ी कार्रवाई की। टीम ने चकरभाठा और भाड़ी में दबिश देते अवैध उत्खनन और परिवहन के मामले में हुए 4 वाहनों को जब्त किया है। इसमें एक जेसीबी, दो हाइवा और एक ट्रेलर गाड़ी है। गाड़ियों पर पेनाल्टी लगाई जा रही है। सभी वाहनों को चकरभाठा और सीपत पुलिस के हवाले किया गया है।

खनिज अधिकारी डॉ. दिनेश मिश्रा ने बताया कि खनिज अधिकारी अनिल साहू की अगुवाई में निरीक्षक गुलाटी की टीम ने शिकायत के बाद टेमर, चकरभाठा और भाड़ी समेत अलग अलग ठिकानों में छापामार कार्रवाई की।



जब्त वाहन।

# भैया नहीं कहने पर नशे में धुत आरक्षक ने बत्ते से युवक की पिटाई कर सिर फोड़ा, सस्पेंड

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बीती रात कोटा के एक ढाबा में नशे में धुत आरक्षक ने भैया के जगह भाई बोलने पर युवक की लकड़ी के बत्ते से जमकर मारपीट करते हुए सिर फोड़ दिया है। पीड़ित रिपोर्ट लिखाने थाने गया तब आरक्षक ने आतंक मचाते हुए उसके साथ मारपीट की, पीड़ित के साथ थाने गई महिला मोर्चा जिला महामंत्री के साथ भी दुर्व्यवहार किया गया। पुलिस ने हमलावर आरक्षक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है, साथ ही उसे सस्पेंड भी कर दिया गया है।

कोटा वार्ड क्रमांक 4 निवासी कमलजीत आजमानी उर्फ विक्की 24 दिसंबर की रात 9.30 बजे जय स्तंभ चौक स्थित केशरवानी ढाबा में बैठा हुआ था। इसी दौरान कोटा थाने में पदस्थ आरक्षक रवि श्रीवास ढाबा में पहुंचा। उसने आरक्षक को रवि भाई कहा तो नशे में धुत आरक्षक ने गाली गलौज करते हुए कहा कि तू पहले भैया बोलता था अब भाई बोल रहा है। उसने गाली देने से मना किया तो आरक्षक ने लकड़ी का बत्ता उठाकर कमलजीत पर हमला करते हुए उसका सिर फोड़ दिया।



घायल युवक सिम्स में भर्ती

आरक्षक के द्वारा मारपीट करने से ढाबा व आसपास में हड़कंप मच गया और लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई। ढाबा संचालक ने बीच बचाव कर घायल कमलजीत को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया जा रहा था। कमलजीत ने टीआई को फोन कर आरक्षक के द्वारा मारपीट कर सिर फोड़ने की जानकारी दी गई।

### निलंबित किया गया

आरक्षक ने युवक के साथ मारपीट की है। उसकी रिपोर्ट पर आरक्षक के खिलाफ जुर्म दर्ज किया गया है। मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर धारा जोड़ी जाएगी। एसपी ने आरक्षक को निलंबित कर दिया है।

**-तोपसिंह नवरंग,** कोटा टीआई

### थाने में भी पीटा

घायल कमलजीत कुछ परिचितों के साथ रिपोर्ट लिखाने थाने गया। कुछ देर बाद नशे में धुत आरक्षक रवि आया और गाली गलौज करते हुए उसके साथ हाथा पाई कर मारपीट करने लगा। युवक के साथ गई महिला मोर्चा जिला महामंत्री गायत्री साहू के साथ दुर्व्यवहार करते हुए गाली गलौज की।

### नहीं लगाई गंभीर धारा

नशे में धुत आरक्षक से लकड़ी के बत्ता से ताबड़तोड़ हमलाकर कमलजीत का सिर फोड़ दिया, जब वह थाने में रिपोर्ट लिखाने गया, तब खून से नहाया हुआ था। उसके बाद भी पुलिस ने उसकी रिपोर्ट पर आरक्षक के खिलाफ साधारण मारपीट की धारा 294, 506, 323 के तहत जुर्म दर्ज कर खानापूर्ति कर ली है।

### तबादला के बाद भी जमा था आरक्षक

13 दिसंबर को एसपी ने 53 पुलिस अधिकारी, कर्मचारी का तबादला आदेश जारी किया था। उसमें आरोपी आरक्षक रवि श्रीवास का तखतपुर थाना तबादला किया गया था। 12 दिन बाद भी आरक्षक थाने से रिलीव नहीं हुआ था। इसी तरह जिले के अन्य थानों में आरक्षक तबादला के बाद भी लंबे अरसे से जमे हुए हैं।

# सूने मकान में चोरों का धावा, 5 तोला सोना व नकद ले उड़े चोर

**बिलासपुर।** शिक्षिका के सूने मकान में चारों ने धावा बोलकर 5 तोला सोने के जेवर व 50 हजार रुपए नकद पार कर दिया।

सरकण्डा पुलिस के अनुसार, सिद्धि विनायक कालोनी खमतराई निवासी सुधा शास्त्री शिक्षाकर्मी वर्ग 2 के पद पर पदस्थ हैं। दो दिन पहले वे गृहग्राम नगोई चली गई थीं। इस दौरान चोरो ने उनके घर की आलमारी से 50 हजार रुपए नकद व 5 तोला सोने का जेवर चोरी कर लिया। 25 दिसंबर को वे घर लौटीं तो ताला टूटा मिला। अंदर सामान अस्त व्यस्त पड़े थे और आलमारी के लाकर नकद रकम व जेवर चोरी हो गई थी। चोरी की वारदात से कालोनी में हड़कंप मच गया। उनके जीजा विकास शर्मा ने चोरी की सूचना पुलिस को दी। पुलिस उनके मकान का मुआयना कर चोरों की पतासाजी में जुट गई है। पुलिस ने श्री शर्मा की रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ धारा 457, 380 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।



# सिंधी कॉलोनी में दबिश, 115 नग प्रतिबंधित कफ सिरप सहित तस्कर गिरफ्तार

**बिलासपुर।** क्राइम ब्रांच ने 115 नग प्रतिबंधित कफ सिरप सहित एक युवक को पकड़ लिया है। पुलिस ने सिरप जब्त कर उसे गिरफ्तार कर लिया है।

क्राइम ब्रांच के आरक्षक सरफराज खान को मुखबिर से सूचना मिली, सिंधी कालोनी निवासी साहिल धनवानी पिता दीपक धनवानी 22 साल बाहर से प्रतिबंधित कफ सिरप मंगाकर शहर में बिक्री कर रहा है। प्रभारी कृष्णा साहू ने टीम के साथ सिंधी कालोनी में दबिश देकर साहिल को पकड़कर पूछताछ की। कड़ाई बरतने पर उसने बाहर से कफ सिरप मंगाकर शहर में बेचना स्वीकार कर लिया। उसकी निशानदेही पर 115 नग कफ सिरप बरामद किया गया है।



सिविल लाइन पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत सिरप जब्त कर उसे गिरफ्तार कर लिया है।









25 -DEC-REGNOL-Pg-3_Layout 1 12/25/2023 11:20 PM Page 1



## खबर संक्षेप

### डिप्टी सीएम साव का स्वागत



**करगी रोड कोटा।** छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री अरुण साव का भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेयी के सुशासन दिवस पर लोरमी प्रवास था। इस दौरान करगी खुर्द ग्राम में राधा रानी राइस मिल प्रांगण में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। श्री साव ने कहा कि क्षेत्र की वे विकास के लिए सदैव तत्पर रहेंगे।

### नगर पहुंची अक्षत कलश यात्रा का भव्य स्वागत



**मल्हार।** रविवार को नगर के लोगो ने अक्षत कलश का भव्य स्वागत किया। बस स्टैंड से मां डिडनेश्वरी तक के रास्ते मे जगह जगह महिलाओ ने आरती उतारी। वही कलश के साथ सैकड़ो महिलाओ ने अक्षत कलश के स्वागत में कलश धारण कर शोभायात्रा के साथ मंदिर पहुंची, जहां रामभक्तों ने अक्षत कलश की पूजा कर मंदिर के गर्भगृह में कुछ दिनों के लिए कलश को स्थापित किया। इसके बाद 31 दिसम्बर को कलश के अक्षत को मल्हार के अलावा अन्य गावो में वितरित किया जाएगा। अयोध्या में 22 जनवरी को होने वाले रामलला के प्राण प्रतिष्ठा आयोजन के लिए देश वासियों को भी निमंत्रित किया जा रहा है, जिसके लिए लोगो को न्योता देने अक्षत कलश देश के गाँव-गाँव शहर-शहर पहुंच रहा है। इसी कड़ी में रविवार को कलशयात्रा मल्हार पहुंची, जिसकी अगुवाई करने नगरवासी मस्तूरी के गायत्री मंदिर पहुंचकर अक्षत कलश को विधिपूर्वक पूजन के बाद मल्हार के लिए रवाना हुए। सैकड़ो युवाओं ने जय श्रीराम, हर हर महादेव का जयकार लगाते हुए पूरे शोभायात्रा की अगुवाई की। स्कूल चौक, देवांगन मोहल्ला, मेला चौक, बाजार चौक, ठाकुरदेव चौक सहित विभिन्न स्थानों में शोभायात्रा का स्वागत हुआ। कलश शोभायात्रा के समापन के बाद मंदिर परिसर में सभी श्रद्धालुओ को प्रसाद वितरण किया गया।

### कोटा ब्लाक में जनसंपर्क करेंगे अटल आज

**करगी रोड कोटा।** ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष आदित्य दीक्षित ने बताया कि कोटा बिधायक अटल श्रीवास्तव का कोटा बिधानसभा के कोटा ब्लॉक के विभिन्न ग्रामों में जनसंपर्क कार्यक्रम 26 दिसम्बर मंगलवार को डबरीपारा, करका, करपिहा, कोसकट्टी, मटसगरा में होगा। इस दौरान सभी बरिष्ठ कांग्रेस प्रदेश पदाधिकारी, जिला कांग्रेस पदाधिकारी, ब्लॉक कांग्रेस महिला कांग्रेस, किसान कांग्रेस ,आदिवासी कांग्रेस ,युवक कांग्रेस, एनएसयूआई, पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक, झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ के सभी पदाधिकारी एवं समाज के सभी कार्यकर्ता से उपस्थित रहने अपील की है।

### हर्षोल्लास से मनाया गया क्रिसमस पर्व



**मुंगेली।** मसीही समुदाय के लोगों ने सोमवार को क्रिसमस पर्व अत्यन्त हर्षोल्लास के साथ मनाया। चर्च को रंग–बिरंगी लाईट व झालरों से सजाया गया। चर्च में विशेष प्रार्थना सभा हुई। चर्च में 25 दिसम्बर को भव्य रूप से चर्च के पास्टर की अगुवाई में चर्च आराधना की गई, जिसमें नगर व आसपास के सभी मसीही लोगों ने भाग लिया। पास्टर ने अपने संदेश में बताया कि प्रभु यीशु का जन्म सारे मानव जाति के लिए हुआ है। क्रिसमस जिसे बड़ा दिन भी कहा जाता है, बाइबिल के अनुसार यह आनंद का सुसमाचार है। प्रभु यीशु ने घृणा, द्वेष, अहंकार से बचने का उपाय बताया है कि संसार के हर मनुष्यों को अपने जैसा प्रेम करो। हिंसा कभी भी इंसान को ईश्वर के नजदीक नही ले जा सकता है।

## पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेयी के जन्मदिन पर मना सुशासन दिवस, किसानों के खाते में पहुंची बोनस की राशि

# क्षेत्र के विकास में नहीं छोड़ेंगे कोई कसर:साव

हरिभूमि न्यूज ⏭ लोरमी

विधायक एवं उपमुख्यमंत्री बनने के बाद अरुण साव का नगर में ऐतहासिक विजय रैली के साथ जगह-जगह स्वागत किया गया। नगर में सोमवार अरुण साव के आगमन पर सैकड़ो स्थानों में देर रात तक लोगो एवं समर्थकों ने जमकर आतिशबाजी कर फूलमाला एवं किसानो के पारंपरिक खुम्हरी टोपी पहनाकर स्वागत किया। वहीं मानस मंच में किसानों को बोनस वितरण किये।

■ उमंग के साथ डिप्टी सीएम का ऐतहासिक स्वागत...

उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि लोगो का अगाथ प्रेम ही उनकी पूंजी है। लोरमी क्षेत्र के विकास के लिए कोई कसर नही छोंड़ेगे। विधानसभा लोरमी के मतदाताओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि हमें इस क्षेत्र से विजयी बनाकर भेजा है। हम भी उसी ऊर्जा से इस क्षेत्र में एवं प्रदेश के विकास के लिए पूरी कर्तव्यनिष्ठा से कार्य करेंगे। इससे पहले ग्राम पेंड्रीतालाब के पास युवा मोर्चा ने बाईक रैली के निकालकर विश्राम गृह तक पहुँचे। फवारा चौक से मानस मंच तक विभिन्न समुदायों एवं संगठनों के द्वारा अभिनन्दन किया गया।

भाजयुमों द्वारा स्वागत एवं बाईक रैली के साथ ग्राम भाठापारा में राजपूत समाज व प्रदीप राईस मील के पास, नितेश अग्रवाल एवं राईस मील एसोसिएशन द्वारा एवं रेस्ट हाउस के पास, विनय साहू, विक्रम सिंह ,गुरमीत सलुजा एवं भाजपा प्रमुख पदाधिकारियों मानस समिति , भाजपा मंडल अध्यक्ष दिनेश साहू भाजयुमो व नगर पंचायत के पार्षदों , यादव सामाज, रोजगार सहायक संघ ने स्वागत किया। महिला मोर्चा के जिलाध्यक्ष वर्षा सिंह के नेतृत्व में भव्य स्वागत किया। मेडिकल के पास भाजपा मंडल अध्यक्ष गोंडखाम्ही कार्यकर्ताओं एवं काली मंदिर के पास, वन ग्रामवासियों एवं तहसील साहू संघ लोरमी एवं लालपुर व देवरहट भाजपा मंडल अध्यक्ष व ज्ञानेश्वर सिंह क्षत्रिय द्वारा, भाजपा मंडल अध्यक्ष गोदखामही एवं कार्यकर्ताओं के पास जायसवाल समाज व राकेश दुबे, विश्वास दुबे एवं साथियों ने स्वागत किया। अरुण साव खुले वाहन से फव्वारा चौक में माँ महामाया मंदिर के लिए निकले, जहाँ प्रेस क्लब के अध्यक्ष सतीश मिश्रा व सचिव नूतन गुप्ता के नेतृत्व में, मुख्य मार्ग पुराना बस स्टैंड होते हुए, मुंगेली चौक, फौव्वारा चौक, ठाकुर देव मंदिर,आगमन रामजानकी मंदिर में, राजा बाड़ा, ब्राम्हण पारा वार्ड क्र.3 होते हुए महामाया महामाया मंदिर में पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों के लिए खुशहाली की गई, जहाँ मोहल्ले वासियों ने भव्य स्वागत किये।



वापसी में माँ दुर्गा वस्त्रालय के पास, विकास केशरवानी, रतनमणी केशरवानी एवं परिवार द्वारा, तहसील चौक में विनय साहू, पियूष साहू एवं साहू परिवार द्वारा, गाँधीडीह वार्ड क्र. 10 में, पार्षद धनेन्द्र राजपूत पार्षद एवं कार्यकर्ताओं ने, ग्राम सारधा में तीन स्थानों व गोदखामही,ग्राम बोड़तरा मुख्य चौक में में ठा.विक्रम सिंह, वर्षा सिंह के साथ एवं भाजपा कार्यकर्ताओं ने, ग्राम हरदी मोंड में, कार्यकर्ताओं द्वारा ग्राम धरमपुरा में स्वागत किया गया। डॉ. भीमराव आंबेडकर का मूर्ति अनावरण एवं गुरु घासीदास जयंती समारोह शामिल होकर ग्राम धरमपुरा से ग्राम तेलीखाम्ही, राम्हेपुर, धौराभाठा, झिरवन, सारघा, झाफल नहर होते हुए डिंडौरी, विचारपुर, सुकली एवं ग्राम पैजनिया में व ग्राम कोतरी में आयोजित मानस कथा में शामिल हुए। कार्यक्रम में पूर्व विधायक ठा भूपेंद्र सिंह, पूर्व विधायक तोखन साहू, कोमल गिरी गोस्वामी,वर्षा विक्रम सिंह, गुरमीत सलुजा, रवि शर्मा, विनय साहू, दिनेश साहू,राकेश दुबे, ज्ञानेश्वर क्षत्री, रोहित साहू, संजय केशरवानी, संतोष साहू फौजी, धनेश साहू, प्रदीप मिश्रा, विष्वास दुबे, गणेश शर्मा, बादल,रामेश्वर, राम साहू सरपंच, चंद्रप्रकाश, विनोद राजपूत, घनेंद्र राजपूत, अशोक साहू, धनीराम, हुकुमचंद, संतोस साहू, विनोद यादव, रामनिहोरा, राजेन्द्र साहू, सुशील यादव, देवेश खत्री,नगर पंचायत अध्यक्ष अंकिता शुक्ला , किरण दुबे, राजेन्द्र सलुजा, सुजीत वर्मा, सुरेश श्रीवास, नितेश अग्रवाल, संजय अग्रवाल, निरंजन अग्रवाल, धर्मेंद्र गिरी गोस्वामी, सीमांत दास, विनय साहू, विकास केशरवानी,सुनील पाठक एवं कलेक्टर राहुल देव, एसपी चंद्रमोहन सिंह, एसडीएम प्रवीण तिवारी सहित बड़ी संख्या में महिला पुरूष उपस्थित रहे।

## 87 हजार 36 किसानों को मिला 145 करोड़ 20 लाख बोनस

**मुंगेली।** सुशासन दिवस के अवसर पर लाभान्वित किसानों को बोनस राशि का प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। जिले के 87 हजार 36 किसानों के खाते में 145 करोड़ 20 लाख 90 हजार रुपए से अधिक की लंबित बोनस राशि अंतरित की गई, इनमें वर्ष 2014–15 में जिले के कुल 42 हजार 254 किसानों को 69 करोड़ 17 लाख रुपए से अधिक की राशि और वर्ष 2015–16 में 44 हजार 782 किसानों को 76 करोड़ 03 लाख रुपए से अधिक की राशि शामिल है। जिले के ब्लाक मुख्यालयों में धान बोनस राशि वितरण कार्यक्रम आयोजित किए गए। कृषि उपज मण्डी परिसर में विधायक पुन्नूलाल मोहले मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। ब्लाक मुंगेली अंतर्गत 2014–15 में 15 हजार 435 किसानों के खाते में 24 करोड़ 06 लाख रूपए से अधिक और वर्ष 2015–16 में 16 हजार 386 किसानों के खाते में 26 करोड़ 52 लाख रूपए से अधिक की राशि अंतरित की गई। ब्लाक लोरमी अंतर्गत 2014–15 में 14 हजार 643 किसानों के खाते में 22 करोड़ 96 लाख रूपए से अधिक और वर्ष 2015–16 में 15 हजार 649 किसानों के खाते में 25 करोड़ 19 लाख रूपए से अधिक की राशि अंतरित की गई।



## नपा सभागार में निबंध स्पर्धा




**पेंड्रा।** भारत रत्न भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई के जयंती को सुशासन दिवस के रूप में आयोजित कर नगर पालिका परिषद पेंड्रा के उनके नाम में स्थापित अटल भवन सभागार पेंड्रा कविता पाठ अटल संध्या, निबंध स्पर्धा का आयोजन नगर पालिका परिषद पेंड्रा के अध्यक्ष राकेश जालान के उपस्थिति मे किया गया। अटल जी की जीवनी पर कविता पाठ हेतु राजेंद्र पाण्डेय, कुंजबिहारी तिवारी, विद्यालयों से आए शिक्षक, विधार्थी सहित पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती अरुणा गणेश जायसवाल,पार्षद राकेश चतुर्वेदी, शरद गुप्ता, महेंद्र शुक्ला, इकबाल सिंह, प्रेमवती, पारस चौधरी, मुख्य नगर पालिका अधिकारी कन्हैयालाल निर्मलकर, उप अभियंता स्वप्निल मिश्रा एवं निकाय के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

## 10 हजार 252 किसानों को 15 करोड़ 98 लाख बोनस

**भर्रीडांड़।** गौरेला पेंड्रा मरवाही में अटल सुशासन दिवस पर सोमवार को मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने रायपुर जिले अभनपुर विकासखंड के ग्राम पंचायत बेंद्री में आयोजित राज्य स्तरीय धान बोनस राशि वितरण समारोह में प्रदेश के किसानों के खाते में राशि अंतरित किए। इसके साथ ही जीपीएम जिले के 10 हजार 252 किसानों के खाते में डीबीटी के माध्यम से 15 करोड़ 98 लाख 66 हजार 850 रुपए स्थांतरित हो गया।



क्षेत्रीय विधायक प्रणव कुमार मरपच्ची और कलेक्टर श्रीमती प्रियंका ऋषि महोबिया सहित नागरिकों, किसानों एवं ग्रामीणों ने सदभावना भवन मरवाही में अयोजित जिला स्तरीय धान बोनस राशि वितरण समारोह में वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से मुख्यमंत्री का लाइव प्रसारण देखा और सुना। इसके साथ ही जिले के सभी सहकारी समितियों एवं विकासखण्ड मुख्यालयों में स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में कृषकों को धान बोनस राशि का प्रमाण पत्र वितरित किया गया। विधायक श्री मरपच्ची ने कि स्वर्गीय श्री बाजपेयी हमारे प्रदेश एवं देश ही नहीं बल्कि पूरे विश्व के लिए मार्गदर्शन रहे हैं। उन्होंने सबका साथ सबका विकास के तहत गांव, गरीब और किसानों की समृद्धि के लिए चिंता किया था। प्रत्येक गांव को मुख्य मार्ग से जोड़ने के लिए प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना शुरू किया। प्रदेश सरकार ने कैबिनेट की पहली बैठक में प्रदेश के 18 लाख गरीब परिवारों को प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत किया। दूसरा वादा किसानों को धान की बोनस राशि का वितरण करके कर रहे हैं। कलेक्टर श्रीमती प्रियंका ऋषि महोबिया ने जिले के किसानों को खरीफ वर्ष 2014-15 और 2015-16 में अंतरित किए गए प्रशासकीय प्रतिवेदन की जानकारी दी। समारोह में लाभान्वित किसानों को बोनस राशि वितरण का प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए। जिला स्तरीय धान बोनस राशि वितरण समारोह में जनपद अध्यक्ष मरवाही प्रताप सिंह मरावी, सरपंच श्रीमती प्रियदर्शनी सिंह नहरेल सहित अन्य मौजूद थे।

## अटल सभागार में चला सफाई अभियान




**पेंड्रा।** भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर कार्यालय नगर पालिका परिषद पेंड्रा में छायाचित्र पर माल्यार्पण दीप प्रज्वलन कर सुशासन स्थापित किए जाने का संकल्प लिया गया। निकाय में अटल जी के नाम से स्थापित अटल सभागार प्रांगण में विशेष सफाई अभियान चलाकर स्वच्छता का संदेश दिया गया। सुशासन दिवस कार्यक्रम में नगर पालिका पेंड्रा के अध्यक्ष राकेश जालान ,पार्षद राकेश चतुर्वेदी, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती अरुणा गणेश जायसवाल, पूर्व पार्षद श्रीमती मुन्नी बाई एवं वेदराम कोल, पारस चौधरी, मुख्य नगर पालिका अधिकारी कन्हैयालाल निर्मलकर उपभियंता स्वप्निल मिश्रा एवं कार्यालय के सभी अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

## भाजपा मंडल ने मनाया सुशासन दिवस

**करगी रोड कोटा।** सुशासन के राष्ट्रवाद के प्रणेता एवं विश्व पटल पर भारत का मन बढ़ाने वाले जन नेता भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जी की जयंती पर सुशासन दिवस के रूप में जय स्तंभ नाका चौक नाका में भारतीय जनता पार्टी मंडल द्वारा मनाया गया। इस दौरान अटल बिहारी बाजपेयी के छायाचित्र पर माल्यार्पण दीप प्रज्वलित कर मंडल के कार्यकर्ता एवं नगर पंचायत के समस्त स्टाफ द्वारा तिलक वंदन किया गया। कार्यक्रम में वेंकटलाल अग्रवाल जिला संयोजक सांस्कृतिक प्रकोष्ठ भारतीय जनता पार्टी जिला बिलासपुर, अजय अग्रवाल नगर पंचायत उपाध्यक्ष, प्रदीप कौशिक सांसद प्रतिनिधि, नरेंद्र गोस्वामी बाबा विधि प्रकोष्ठ, शूलेश पांडे, मुरारीलाल गुप्ता पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष, राजू साहू युवा नेता, राहुल सिंह, रामलाल साहू प्रदेश सदस्य किसान मोर्चा, मोहन श्रीवास मंडल प्रभारी रतनपुर, मोहित जयसवाल जिला महामंत्री, गायत्री साहू जिला महामंत्री महिला मोर्चा, गंगिया बाई, नट्टू अग्रवाल, रजनीश गुप्ता, रामकुशल साहू, महाराज सिंह नायक मंडल अध्यक्ष कोटा, घनश्याम दीक्षित जिला कार्यकारिणी सदस्य, संजीव यादव पूर्व पार्षद, मिंटू अग्रहरि आदि उपस्थित थे।




## बरेला नगर पंचायत में किया गया श्रमदान

**जरहागांव।** क्षेत्र के बरेला नगरपंचायत स्वर्ग अटल बिहारी बाजपेयी के जयंती के अवसर पर श्रमदान कर सुशासन दिवस मनाया गया। इस दौरान मुख्य रूप से कृष्ण कुमार यादव अध्यक्ष नगर पंचायत बरेला, कृतिका हेतराम धुरी उपाध्यक्ष, जीवराखन पटेल, वासुदेव पटेल, बबलू पटेल, पवन पटेल, पुरषोत्तम यादव, रमेश धुरी, संजय निर्मलकर, रामावतार पटेल, बलिराम साहू, सुरेंद्र अग्रवाल, लोकेश बिसेन जनपद सदस्य, पदमन सिंह क्षत्रिय पूर्व जनपद सदस्य, राकेश सिंह बैस पूर्व महामंत्री, बंटी दीवान, नोहरसिंह ठाकुर, चित्रकांत जायसवाल पूर्व मंडी अध्यक्ष, रघुनाथ ध्रुव, रामकुमार पटेल, गया पटेल, पुन्नी पटेल, चैतराम धुरी, रामकुमार मानिकपुरी, जगदीश यादव, चन्द्रभूषण बांधे मुख्य नगर पालिका अधिकारी, गौकरण डिंडोले, सुरेश ठाकुर, श्यामसुन्दर धुरी, बलदेव ठाकुर एवं समस्त ग्रामीण उपस्थित थे। इसी क्रम में ग्राम पंचायत सेमरचुवा में भारतरत्न अटल बिहारी बाजपेयी की जयंती पर सुशासन दिवस मना, जिसमें सरपंच प्रतिनिधि टेकलाल पटेल रोजगार सचिव चंद्रभान जायसवाल सभी पंच हेमंज जायसवाल, गोविंद जायसवाल सहित अन्य मौजूद थे।




## सुशासन दिवस पर चला सफाई अभियान

**मल्हार।** सोमवार को नगर पंचायत कार्यालय में पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिवस पर सुशासन दिवस के रूप में मनाया गया। छत्तीसगढ़ राज्य के निर्माता स्व. श्री वाजपेयी को याद करते हुए उनके छायाचित्र में पुष्प अर्पित कर माल्यार्पण व कविता पाठ सुनाकर सभी ने संकल्प लिया। इस पावन दिवस के मौके पर नगर में सफाई अभियान भी चलाया गया जिसमें सभी ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर सीएमओ किरण पटेल, नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल कैवर्त, राजकुमार वर्मा, बलराम सिंह, गज्जू यादव, संजय पांडे, विनय पांडेय, सीताराम मरावी, मिथलेश श्रीवास, विशाल चौहान, भानु कैवर्त, कमलेश साहू सहित स्टाफ के सभी कर्मचारी व नागरिक शामिल हुए। वहीं भाजपा ने घोषणा पत्र के अनुसार सुशासन दिवस पर दो वर्ष का बोनस वितरण कार्यक्रम जगह-जगह किया। मल्हार मंडल के कार्यकर्ताओं ने भी इस विशेष दिन को उत्साह के साथ मनाया व बोनस वितरण में हिस्सा लिया। महामंत्री रणजीत सिंह ने बताया कि क्षेत्र के सभी गांवो में सुशासन दिवस मनाया गया। कार्यकर्ताओ ने किसानों के दो वर्ष के बोनस वितरण में भी हिस्सा लिया।




## 3295 किसानों को 3 करोड़ 64 लाख का बोनस

**गौरेला।** जिला सहकारी विभाग एवं जिला प्रशासन के द्वारा छत्तीसगढ़ शासन के निर्देश पर केन्द्रीय बैक पर पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी की जंयती के अवसर पर सुशासन दिवस कार्यक्रम के आ यो ज न आ दि म जा ति सेवा सहकारी समिति गौरेला परिसर दत्तात्रेय पर धूमधाम से मनाया गया।

■ धूमधाम से मनाया गया सुशासन दिवस

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने के बाद दो वर्ष का धान का बकाया बोनस वितरण का आदेश किया गया था, जिसे पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी के जंयती अवसर पर सुशासन दिवस के दिन वितरित करने का निर्णय किया गया था।

इसी तारतम्य में आदिम जाति सेवा सहकारी समिति गौरेला में विधिवत कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि बृजलाल राठौर प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा किसान मोर्चा, अध्यक्षता डीआर.डाहिरे संयुक्त कलेक्टर मौजूद थे।




मुख्य अतिथि बृजलाल राठौर ने कहा कि विष्णुदेव साय की सरकार किसनों एव गरीबों को समर्पित रहेगी। विशिष्ट अतिथि मुकेश दुबे ने कहा कि हमारी सरकार जनता से किया हर वादा मोदी गांरटी को पूरा करेगी। विशिष्ट अतिथि महेन्द्र सोनी ने अटल बिहारी के बाजपेयी के जीवन चरित्र के बारे में विस्तार से अपने विचार रखे। उपस्थित किसानों एवं आमजनो को प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा 2 वर्ष के धान बोनस वितरण कार्यक्रम का लाइव प्रोग्राम पोजेक्टर के माध्यम से देखा। इस दौरान लाभान्वित किसानो को बकाया धान राशि बोनस का प्रमाण पत्र वितरित किया गया। कार्यक्रम का संचालन कृषि विस्तार अधिकारी डीएलराजपूत किया गया। धान उत्पादन प्रोत्साहन योजना अंतर्गत खरीब वर्ष 2014-15 एवं 2015-16 की लंबित धान उत्पादन प्रोत्साहन धान बोनस राशि कुल किसान 3295 किसानों को 3 करोड़ 64 लाख 56 हजार 267 रूपए सीधे उनके खाते पर हस्तांरित की गई।

इस अवसर पर कल्लू सिंह राजपूत, दिलीप यादव, कुबेर सर्राटी, द्वारिका सोनी, तापस शर्मा, शिव शर्मा, लूसन राठौर, मोहित राजपूत, पुष्पेन्द्र त्रिपाठी, सचिन जैन, बालकृष्ण अग्रवाल, रानू नामदेव, राखी गहलोत, रमा राठौर, उमा कोसले, गुना बाई, संदीप सिंधई, संतोष तिवारी, आशीष गुप्ता, अनुपम गुप्ता, प्रदीप जायसवाल, रोहित गुर्जर, संतोष विश्वकर्मा, सत्यजीत कंवर डीडीए कृषि विभाग, एचएन खोटेल सीईओ गौरेला, सोनू अग्रवाल तहसीलदार, कुशवाहा एडीए उद्यान विभाग, अमित साहू शाखा प्रबंधक, नीलम बोले लेखापाल, जितेन्द्र वासुदेव खाद्य निरीक्षक, प्रकाश यादव एसएडीओ कृषि विभाग, हेमराज साहू, मिलन राठौर, अनुराधा राठौर, मदन वर्मा आदि उपस्थित थे।

## अटल बिहारी वाजपेयी ने छत्तीसगढ़ बनाकर दी नई पहचान: डॉ देवेंद्र

**पथरिया।** भारत रत्न छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के सपना साकार करने वाले भारत के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिवस के अवसर पर विकास खंड के ब्लाक मुख्यालय से लेकर सभी ग्राम पंचायतों में सुशासन दिवस मनाया गया] जहां नगर पंचायत प्रशासन द्वारा कलेक्टर मुंगेली राहुल देव के मुख्यातिथ्य में अटल चौक पर एक भव्य कार्यक्रम अयोजित उनके विचारों और कविताओं का पाठन और सुशासन संकल्प लिया गया। क्षेत्र के 150 गांवों में अटल चौक पर स्वच्छता कार्यक्रम चलाकर श्री वाजपेयी के राजनीतिक समाजिक, सिद्धान्तों पर चर्चा आयोजित कर उनके पदचिन्हों पर चलने का संकल्प लिया गया।

भाजपा मंडल अध्यक्ष हरिशंकर वर्मा के गृह्नग्राम पंचायत जोता में बिल्हा विधानसभा के भाजपा नेता डॉ. देवेंद्र कौशिक मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उनके साथ पथरिया भाजपा मण्डल अध्यक्ष हरिशंकर वर्मा और नगर पंचायत पथरिया के पूर्व उपाध्यक्ष एवं पार्षद मनोज पांडेय, सरगांव नगर पंचायत पार्षद परमानन्द साहू उपस्थित रहे । भाजपा मंडल अध्यक्ष हरिशंकर वर्मा ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी हमारे पितृपुरुष के रूप में आज भी अपने विचारों और सिद्धान्तों के माध्यम से हमारा पथ प्रदर्शन करते हैं। मनोज पांडेय ने कहा कि शासन की योजनाओं से अंतिम व्यक्ति को लाभान्वित करने के लिये जो युक्ति है वो सुशासन है, सुशासन ही एक माध्यम है जिससे विकसित भारत का संकल्प पूरा किया जा सकता है। डा. देवेंद्र कौशिक ने कहा कि आज हमें जो नई पहचान मिली है वो श्री वाजपेयी के कारण हैं। उन्होंने बताया कि दो सांसदों की पार्टी से केंद्र में सरकार बनाने तक का उनका संघर्ष आज के सभी कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणादायक है।

